RNI N.- BIHBIL/2022/88070

राष्ट्रीय द्विभाषिक सामाचार पत्र

www.bordernewsmirror.com

# बॉर्डर न्यूज मिरर




"खबरों से समझौता नहीं"

पटना, वर्षः 7 , अंकः49 , गुरुवार, 02 अप्रैल 2026 मूल्यः 5:00, पृष्ठः8

9471060219, 9470050309 www.bordernewsmirror@gmail.com



सिसवा पूर्वी पंचायत में ई-लाइब्रेरी का भव्य उद्घाटन, शिक्षा और डिजिटल सशक्तिकरण ... 03



अररिया के छात्रों ने मैट्रिक-इंटर परीक्षा में लहराया परचम, भव्य सम्मान समारोह आयोजित 04

कालीदास को मिला यू/ए सर्टिफिकेट, 3 अप्रैल को सिनेमाघरों में दस्तक... 07

संक्षिप्त समाचार

## वंदे भारत का खाना खाकर बीमार हुए मां-बेटे

- लंच खाने के बाद सूजे महिला के होंठ, बच्चे को हुआ डायरिया



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश की सबसे आधुनिक और प्रीमियम ट्रेन वंदे भारत एक्सप्रेस के खाने की गुणवत्ता को लेकर एक बार फिर सवाल उठने लगे हैं। यात्रियों द्वारा लगातार शिकायतें सामने आने से व्यवस्था पर चिंता बढ़ रही है। हाल ही में एक महिला यात्री ने दावा किया कि, ट्रेन में परोसा गया लंच खाने के बाद उनके होंठ सूज गए। उन्हें गंभीर एलर्जी की समस्या हो गई। इस घटना का वीडियो और पोस्ट सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिससे मामला चर्चा में आ गया है।

यह मामला 27 मार्च 2026 का बताया जा रहा है। जब रांची की रहने वाली आयुषी सिंह ट्रेन नंबर 22500 वंदे भारत एक्सप्रेस से वाराणसी से देवघर की यात्रा कर रही थीं। वह ई-वन कोच में सफर कर रही थीं। ट्रेन में आईआरसीटीसी द्वारा परोसा गया लंच उन्होंने और उनके दो साल के बेटे ने भी खाया। आयुषी ने सोशल मीडिया पर लिखा कि, खाना खाने के कुछ ही मिनटों बाद उनके ऊपरी होंठ सूजने लगे। शरीर में एलर्जी के लक्षण दिखने लगे। उनकी हालत इतनी बिगड़ गई कि मामला गंभीर हो गया। उन्हें तुरंत मेडिकल सहायता लेनी पड़ी।

## रणथंभौर में गणेश मंदिर के पास फिर आया बाघ

- झाड़ियों के पास बैठा रहा, श्रद्धालुओं की सांसें अटकी, इससे पहले टूरिस्ट का रास्ता रोका था

**सवाई माधोपुर (एजेंसी)।** सवाई माधोपुर के रणथम्भौर में टाइग्रेस सुल्ताना का बेटा मलंग फिर से श्रद्धालुओं के सामने आ गया। झाड़ियों में बैठा मलंग (आरबीटी-2511) 20 मिनट तक श्रद्धालुओं के सामने बैठा रहा। अचानक झाड़ियों में दिखे बाघ को देख श्रद्धालु सहम गए। एकटक बाघ को देखते रहे और डिजिटल कैमरे में उसका वीडियो बनाते रहे। 4 दिन पहले इसी बाघ ने मंदिर के पास टूरिस्ट का रास्ता रोका था। दरअसल, बुधवार सुबह त्रिनेत्र गणेश मंदिर के



रास्ते पर अटल सागर के पास झाड़ियों में बाघ बैठा नजर आया। इस बार मलंग रास्ते में नहीं था। इस वजह से ट्रैफिक प्रभावित नहीं हुआ। 15 मिनट बैठे रहने के बाद मलंग आमाघाटी की तरफ निकल गया। इस दौरान इसे देखने के लिए श्रद्धालुओं की लाइन लग गई। लोग अपनी गाड़ियों में बैठकर इसे देखते रहे।

## पंजाब भाजपा मुख्यालय के बाहर धमाका, दूर तक गूंजी आवाज; पूरे शहर में अलर्ट

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** पंजाब व हरियाणा की राजधानी चंडीगढ़ में बम ब्लास्ट हुआ है। बुधवार दोपहर बाद सेक्टर-37 स्थित भाजपा दरफ्तर के बाहर धमाका होने से वहां अफरा-तफरी मच गई। बताया जा रहा है कि धमाके की आवाज दूर तक सुनाई दी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस, दमकल विभाग और वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे हैं और जांच शुरू कर दी गई है।

- असम में पीएम मोदी ने किया चुनाव प्रचार

# राज्य की पहचान चाय और चिप से होगी

### कांग्रेस के सो कॉल्ड राजकुमार की पराजय की सेंचुरी आने वाली है, भाजपा जीत की हैट्रिक लगाएगी



**नई दिल्ली/ तिरुवनंतपुरम/ गुवाहाटी/ कोलकाता/ चेन्नई (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि इस बार असम में बीजेपी-एनडीए की हैट्रिक लगनी तय है। उन्होंने राहुल गांधी का नाम लिए बिना कहा कि कांग्रेस के सो कॉल्ड राजकुमार की पराजय की सेंचुरी आने वाली है।

वे धेमाजी के गोगामुख में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। पीएम ने कहा कि एक समय था जब दुनिया में असम की चर्चा चाय के लिए होती थी। अब दुनिया असम को चाय के साथ-साथ चिप से पहचानेगी। टीवी, फ्रिज, गाड़ियां, मोबाइल असम की चिप से चलेंगे। दुनिया में असम की पहचान चाय और और चिप से होगी। इससे पहले उन्होंने डिब्रूगढ़ में चाय बागान का दौरा किया। वहां काम करने वाली महिलाओं से बातचीत की और सेल्फी ली। पीएम ने यहां चाय की पत्ती भी तोड़ी।

### भाजपा के लोग हमारा पैसा लूट रहे हैं: ममता

सीएम ममता बनर्जी ने कहा, जब बंगाल आजादी की लड़ाई में हिस्सा ले रहा था, तब भाजपा का जन्म भी




नहीं हुआ था। वे हमारा पैसा लूट रहे हैं और झूठ बोल रहे हैं। वे राम नवमी पर बंदूकें लेकर निकलते हैं। पश्चिम बंगाल के बीरभूम में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने 2026 विधानसभा चुनाव से पहले बीजेपी पर तीखा हमला बोला। जनसभा को संबोधित करते हुए ममता ने कहा, बीजेपी को ऐसा हराओ कि वह फिर कभी खड़ी न हो सके। उन्होंने अपने चर्चित नारे को दोहराते हुए कहा- इस बार बड़ा खेला होगा।

- असम में मंगल करने वाला संकल्प पत्र आया है

मोदी ने कहा- असम बीजेपी के सभी नेताओं को बहुत बधाई देता हूं असम बीजेपी की टीम के बधाई देता हूं। असम बीजेपी ने बीते 10 साल में बहुत आयाम दिए हैं। कल शाम संकल्प पत्र जारी किया है। मंगलवार को जारी हुआ पत्र असम में और मंगल लाने वाला है। यानी मंगलवार को आया है मंगल पत्र। ये मंगल करने वाला संकल्प पत्र है, इसमें युवाओं के लिए सरकारी नौकरी, स्वरोजगार के लाखों अवसर का रोड मैप है। 5 लाख करोड़ इंफ्रास्ट्रकचर पर खर्च करने का संकल्प है। हर सेक्टर में रोजगार के अनेक अवसर बनेंगे।

- प्रियंका गांधी बोलीं- असम में धमकी वाली सरकार है

कांग्रेस के प्रचार के लिए असम के शिवसागर पहुंची कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा- यह एक



भ्रष्ट सरकार है। लोग देख सकते हैं कि कैसे सब कुछ धमकियों के जरिए किया जा रहा है। यहां माफिया राज है, सिंडिकेट राज है। मुझे लगता है कि लोग थक चुके हैं। वे चाहते हैं कि वही असम फिर से उभरे जो कभी हुआ करता था। वे एक ऐसी नई सरकार चाहते हैं जो सिर्फ लोगों की सेवा के लिए काम करे।

## उप्र में तेज बारिश ओले भी गिरे

- राजस्थान -मप्र में भी अलर्ट, जम्मू-कश्मीर के ऊंचाई वाले इलाकों में एवलांच का खतरा



**लखनऊ/शिमला/जयपुर/भोपाल (एजेंसी)।** देश के पांच राज्यों में अगले तीन दिन मौसम में बदलाव रहेगा। उत्तर प्रदेश में बुधवार सुबह बारिश हुई, 40 जिलों में अलर्ट भी जारी किया गया है। पिछले 24 घंटे में मथुरा, जालौन और कन्नौज में ओले गिरे। उधर मप्र में आधे प्रदेश में आंधी-बारिश का अलर्ट है। इंदौर, उज्जैन-ग्वालियर समेत 29 जिलों में अलर्ट है। भोपाल 2 बजे के बाद बारिश शुरु हो गई थी। 4 अप्रैल तक ऐसा ही मौसम रहेगा। उसके बाद 15 अप्रैल से प्रदेश में भीषण गर्मी पड़ेगी।

### राजस्थान में बारिश की संभावना

राजस्थान में 2 अप्रैल से फिर एक नया वेदर सिस्टम एक्टिव होगा। जिसके चलते बारिश होगी। पूर्वी राजस्थान के कई जिलों में बारिश के साथ ओले गिरे। जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले में एवलांच (हिमस्खलन) आया और कई रास्ते बंद हो गए हैं।

- पेट्रोल-डीजल और एलपीजी के बाद अब दूध हुआ महंगा

# 4 रू. प्रति लीटर तक बढ़े दाम



**नई दिल्ली/भोपाल (एजेंसी)।** पेट्रोल, डीजल और एलपीजी के बाद अब दूध भी महंगा हो गया है। गर्मियों के मौसम में पशु आहार की बढ़ती कीमतों के कारण मध्य प्रदेश के कई स्थानों में विक्रेताओं ने बुधवार से दूध के खुदरा दामों में दो से चार रुपये प्रति लीटर का इजाफा कर दिया। विक्रेताओं के एक संगठन के अधिकारी ने यह जानकारी दी। 1 अप्रैल से कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 195.50 रुपये की बढ़ोतरी की गई।

- कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के दाम पहुंचे 2 हजार के पार

### अमूल और मदर डेयरी बढ़ाएंगी दाम?

अभी तक ऐसी कोई अपडेट नहीं है कि अमूल और मदर डेयरी जैसी कंपनियां दूध के दाम बढ़ाएंगी। इन्होंने आखिरी बार पिछले साल 1 मई से दूध के दाम बढ़ाए थे। **कंपनी शेल इंडिया का पेट्रोल-डीजल हुआ महंगा-** आज से ही प्राइवेट फ्यूल रिटेलर कंपनी शेल इंडिया ने अपने आउटलेट्स पर पेट्रोल और डीजल की कीमतों में भारी बढ़ोतरी की है। इससे पहले नायरा एनर्जी भी तेल के दाम बढ़ा चुकी है। बेंगलुरु में शेल आउटलेट्स पर पेट्रोल की कीमतों में 7.41 प्रति लीटर की बढ़ोतरी हुई है। अब सामान्य पेट्रोल की कीमत 119.85 और प्रीमियम पावर वेरिएंट की कीमत 129.85 प्रति लीटर हो गई है।

## अमरावती को आंध्र प्रदेश की राजधानी बनाने वाला बिल पास

### लोकसभा में विदेशी अंशदान संशोधन विधेयक पर हंगामा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा ने बुधवार को आंध्र प्रदेश पुनर्गठन (संशोधन) बिल, 2026 को पास कर दिया है। इस बिल के जरिए अमरावती को रज्य की एकमात्र और स्थायी राजधानी का कानूनी दर्जा मिलेगा।

गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने यह बिल पेश किया था। इस पर एक घंटे से ज्यादा बहस हुई,




जिसके बाद इसे वॉयस वोट से मंजूरी दे दी गई।

इससे पहले बुधवार को कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी सांसदों ने विदेशी अंशदान संशोधन बिल को लेकर हंगामा किया। उन्होंने एफसीआरए बिल वापस लो के नारे लगाए। स्पीकर ओम बिरला ने सांसदों से शांत रहने की अपील की, लेकिन विपक्षी सदस्य अपनी सीटों पर खड़े होकर विरोध करते रहे।

- धार भोजशाला विवाद में सुप्रीम कोर्ट का अहम निर्देश

# हाई कोर्ट ही करेगा वीडियो साक्ष्यों पर अंतिम फैसला

- मुस्लिम पक्ष को सुप्रीम कोर्ट ने वापस हाई कोर्ट भेजा





**नई दिल्ली/भोपाल/धार (एजेंसी)।** मध्य प्रदेश के धार में स्थित ऐतिहासिक भोजशाला मामले में मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने अहम टिप्पणी की है। कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि इस स्थल की वीडियोग्राफी को लेकर संबंधित पक्षों द्वारा उठाई गई आपत्तियों पर अंतिम निर्णय मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ही करेगा।

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि उन्हें इस बात पर कोई संदेह नहीं है कि हाई कोर्ट प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के तहत वीडियोग्राफी का परीक्षण कर सभी आपत्तियों पर विचार करेगा। दरअसल, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) द्वारा कराई गई वीडियोग्राफी के फुटेज उपलब्ध न कराए जाने पर मुस्लिम पक्ष ने आपत्ति दर्ज कराते हुए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। मुस्लिम पक्ष ने अपने आवेदन में था कि हाई कोर्ट में 11 मार्च को उनके द्वारा प्रस्तुत आवेदन पर 16 मार्च को सुनवाई नहीं की गई। उनके आवेदन में मुख्य रूप से मांग की गई थी कि भोजशाला में किए गए सर्वेक्षण की वीडियोग्राफी के फुटेज उपलब्ध कराए जाएं।

आवेदन में ये भी मांग की गई थी कि इंदौर खंडपीठ में दो अप्रैल को प्रस्तावित सुनवाई से पहले उनकी बात सुनी जाए।

### सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को बताया सबसे बड़ा मुकदमेबाज, ठोका 25,000 जुर्माना

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट के डबल बेंच के एक फैसले को चुनौती देने के लिए केंद्र सरकार पर 25,000 का जुर्माना लगा दिया ।मामला एक सीआईएसएफ कॉन्स्टेबल की बर्खास्तगी से जुड़ा है। पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट ने उसकी बर्खास्तगी खत्म करते हुए, उसका 25 प्रतिशत वेतन भी वापस करने का फैसला सुनाया था ।सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की बेंच ने एसएलपी डालने के केंद्र के कदम की आलोचना करते हुए कहा-सुनवाई के दौरान जस्टिस नागरत्ना ने केंद्र सरकार को सबसे बड़ा मुकदमेंबाज बताया और कहा कि इसी वजह से अदालत में इतने केस लंबित हैं।

## महिला ने बेटों की हत्या के बाद सुसाइड किया

- पति की दूसरी शादी से परेशान थी; गुस्साए परिजन ने ससुराल वाला घर फूंका

**हैदराबाद (एजेंसी)।** हैदराबाद में महिला ने दो बेटों की हत्या के बाद सुसाइड कर लिया। तीनों के शव फांसी के फंदे पर लटके मिले। महिला के पति ने दूसरी शादी की थी, जिसके बाद से परिवार में झगड़ा



था। पुलिस के मुताबिक घटना कुकाटपल्ली के राघवेंद्र कॉलोनी में 31 मार्च की दोपहर 1.30 बजे हुई।

पुलिस के मुताबिक श्रावंती का पति प्रवीण दोपहर में जब घर लौटा तो मेन गेट बंद था। कई बार दरवाजा खटखटाने पर भी जब गेट नहीं खुला तो प्रवीण ने पड़ोसियों की मदद से गेट तोड़ा। अंदर श्रावंती (29) और दोनों बेटों कार्तिक (12) और कौशिक (10) के शव थे। दोपहर 2 बजे पुलिस को जानकारी मिली। वहीं, बेटी की मौत की खबर सुनकर वारंगल जिले के चेन्नारावपेट में श्रावंती के परिवार ने उसके ससुराल वाले घर और पशुशाला में आग लगा दी।

### सुबह उठे तो कर्मचारियों के मेल पर टर्मिनेशन लेटर था, 30 हजार को निकाला

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अमेरिकी आईटी कंपनी ओरेकल ने करीब 30 हजार कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक छंटनी में अकेले भारत




के 12 हजार कर्मचारी शामिल है। कर्मचारियों को सुबह 5 से 6 बजे के बीच ई-मेल मिले और कुछ ही मिनटों में उनका सिस्टम एक्सेस बंद कर दिया गया। कंपनी अगले महीने छंटनी का दूसरा दौर भी शुरू कर सकती है ।ओरेकल के कई कर्मचारियों के मुताबिक, सुबह जब वें सोकर उठे, तो उनके इनबॉक्स में टर्मिनेशन लेटर था।

# रक्सौल अनुमंडल अस्पताल में 'रेफरल सिंडिकेट' बेनकाब, उपाधीक्षक डॉ. स्वाति सपन समेत दो पर गिरी गाज

**मोतिहारी।** सीमावर्ती रक्सौल अनुमंडल अस्पताल में गरीब मरीजों को निजी क्लिनिक भेजकर अवैध वसूली करने के संगठित खेल का बड़ा खुलासा हुआ है। जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, पूर्वी चंपारण ने 30 मार्च 2026 को सुनाए अंतिम निर्णय में अस्पताल की उपाधीक्षक डॉ. स्वाति सपन और उनके पति डॉ. विजय कुमार को गंभीर प्रशासनिक एवं नैतिक अनियमितता का दोषी मानते हुए दोनों के खिलाफ 'प्रपत्र क' गठित करने और रक्सौल से बाहर स्थानांतरण का आदेश दिया है। इस फैसले से स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है।



मामले की शुरुआत 8 जनवरी 2026 को सामाजिक कार्यकर्ता पूर्णिमा भारती की शिकायत से हुई। आरोप था कि सहदेवा निवासी जगरूप साह की प्रसव पीड़ा से जूझ रही पुत्री कविता कुमारी को सरकारी अस्पताल से डराकर आशा कार्यकर्ता के माध्यम से डॉ. स्वाति सपन के निजी नर्सिंग होम एलएम मेमोरियल भेजा गया, जहां ऑपरेशन के नाम पर 37 हजार रुपये मांगे गए। विरोध करने पर परिजनों के साथ दुर्व्यवहार और धक्का-मुक्की की बात भी सामने आई। बाद में डंकन अस्पताल में महिला की सामान्य प्रसव से डिलीवरी हुई।

जांच में खुलासा हुआ कि सरकारी अस्पताल में सुविधाएं उपलब्ध होने के बावजूद मरीजों को निजी अस्पताल भेजा जा रहा था। सीसीटीवी फुटेज, मरीज की मैनुअल एंट्री, BHAVYA पोर्टल पर डेटा अपलोड नहीं करना, दवाओं की कालाबाजारी, बायोमेट्रिक फर्जीवाड़ा, एक्स-रे विभाग में भ्रष्टाचार और मुफ्त सेवाओं की जानकारी नहीं देने जैसे 10 गंभीर बिंदु सामने आए।

25 फरवरी 2026 को एसडीओ के नेतृत्व में गठित जांच टीम ने औचक निरीक्षण कर अनियमितताओं की पुष्टि की। जांच में एक्स-रे प्रभारी मेराज अंसारी पर महिलाओं से दुर्व्यवहार और निजी लाभ के लिए चोरी-छिपे एक्स-रे कराने के आरोप भी सही पाए गए।

लोक शिकायत निवारण प्राधिकार ने सिविल सर्जन को 30 दिनों में अस्पताल व्यवस्था सुधारने, जिम्मेदार कर्मियों पर कार्रवाई करने और निजी रेफरल सिंडिकेट पर तत्काल रोक लगाने का निर्देश दिया है। यह फैसला जिले के स्वास्थ्य तंत्र में जवाबदेही तय करने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### हाजीपुर में ऑटो और पिकअप की टक्कर, 8 लोग घायल

**हाजीपुर।** हाजीपुर-पटना मुख्य मार्ग पर महात्मा गांधी सेतु पर एक भीषण सड़क हादसे में टेंपू और पिकअप सवार 8 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यह दुर्घटना एक ट्रक की टक्कर से हुई। सूचना मिलते ही गंगा ब्रिज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तुरंत हाजीपुर सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज चल रहा है। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना के बाद ट्रक चालक फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। घायलों की पहचान कर ली गई है, जिनमें विभिन्न जिलों के निवासी शामिल हैं। घायलों में बेलसर थाना क्षेत्र के चक तैयत गांव निवासी राधिका महतो के 35 वर्षीय पुत्र सुनील महतो शामिल हैं, जो लुधियाना से घर लौट रहे थे। काजीपुर थाथन थाना क्षेत्र के हरौली गांव के मनोज सिंह के 31 वर्षीय पुत्र राजकुमार सिंह दानापुर से अपने घर जा रहे थे। सारण जिले के नगरा थाना क्षेत्र के नागरा बाजार के राजा राम के 31 वर्षीय पुत्र नितेश कुमार भी घायलों में शामिल हैं। मुंगेर जिले के हापुर थाना क्षेत्र के तारपुर गनेली गांव के बटेश्वर सिंह के 34 वर्षीय पुत्र प्रभु कुमार अपनी बहन के यहां दिघवारा जा रहे थे। संबलपुर, ओडिशा के मोहम्मद बशीर के 30 वर्षीय पुत्र मोहम्मद परवेज, जो पिकअप चालक थे, अपने 6 वर्षीय पुत्र मोहम्मद रैयाजुद्दीन के साथ गोपालगंज में ससुराल जा रहे थे। सदर थाना क्षेत्र के मनुआ गांव के स्वर्गीय रामचंद्र सिंह के 28 वर्षीय पुत्र संजीव कुमार सूरत से आ रहे थे, और सीतामढ़ी के उमाशंकर दास के 17 वर्षीय पुत्र रहीश कुमार भी घायल हुए हैं। इसी बीच, सदर थाना क्षेत्र के दिग्घी के पास एक और सड़क हादसा हुआ। यहां एक ट्रक की ठोकर से मोटरसाइकिल सवार एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने घायल को हाजीपुर सदर अस्पताल पहुंचाया। इस हादसे में घायल व्यक्ति की पहचान महुआ थाना क्षेत्र के कन्हौली निवासी लालमोहन साह के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वह रौशन टेबल्स के चालक हैं।

### कमरे से संदिग्ध हालत में मिला नवविवाहिता का शव

**हाजीपुर।** हाजीपुर सदर थाना क्षेत्र के रामाशीष चौक के पास एक नवविवाहिता का शव संदिग्ध परिस्थितियों में किराए के कमरे से बरामद किया गया है। सूचना मिलते ही सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए हाजीपुर सदर अस्पताल भेज दिया गया है। मृतका की पहचान कटहरा ओपी क्षेत्र के मुस्तफापुर गांव निवासी स्वर्गीय राम बालक दास की 18 वर्षीय बेटी बबली कुमारी के रूप में हुई है।



नवविवाहिता के मामा राजेश कुमार दास ने बताया कि बबली की शादी 6 महीने पहले भगवानपुर थाना क्षेत्र निवासी स्वर्गीय सुरेश दास के पुत्र संतोष कुमार दास से हुई थी। शादी के कुछ दिनों बाद से ही बबली के ससुराल वाले अपाचे मोटरसाइकिल की मांग को लेकर उसे लगातार प्रताड़ित कर रहे थे और मारपीट भी करते थे। बबली ने फोन पर अपने मायके वालों को इस बारे में जानकारी दी थी। राजेश कुमार दास के अनुसार, बबली के ससुराल वाले सदर थाना क्षेत्र के रामाशीष चौक के पास किराए के मकान में रहते थे और सब्जी का कारोबार करते थे। मंगलवार शाम करीब 4 बजे स्थानीय लोगों से बबली की मौत की सूचना मिली। परिजन जब घटनास्थल पर पहुंचे, तो ससुराल के अन्य सदस्य फरार हो चुके थे। केवल सास घर पर मौजूद थी, जो परिजनों को देखकर भागने का प्रयास करने लगी। उसे पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया गया। बबली कुमारी दो बहनों और एक भाई में सबसे बड़ी थी।

### बस ने रोड पर चल रहे व्यक्ति को रौंदा, घायल

**हाजीपुर।** वैशाली के हाजीपुर-छपरा मुख्य मार्ग पर मंगलवार दोपहर एक यात्री बस ने पैदल चल रहे एक राहगीर को कुचल दिया। यह घटना अनजानपीर चौक के पास हुई, जिसमें राहगीर गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने बस चालक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। यह हादसा उस समय हुआ जब आरा से पटना जा रही एक यात्री बस ने सड़क पर चल रहे राहगीर को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि राहगीर बुरी तरह घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।



स्थानीय लोगों ने भागने की कोशिश कर रही बस का पीछा किया और चालक को पकड़ लिया। उन्होंने तुरंत डायल 112 और नगर थाने की पुलिस को सूचना दी। घायल को आनन-फानन में सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसे बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच रेफर कर दिया। सूचना मिलने पर नगर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से बस और उसके चालक को हिरासत में ले लिया। गिरफ्तार बस चालक की पहचान मोतिहारी जिले के गोविंदगंज थाना अंतर्गत अरेराज गांव निवासी पंका ठाकुर के पुत्र छोटू ठाकुर के रूप में हुई है। पुलिस चालक से घटना के संबंध में पूछताछ कर रही है।

### युवक के हाथ को छूते हुए सीने में फंसी गोली

**हाजीपुर।** वैशाली जिले के करताहा थाना क्षेत्र के घटारो गांव में बदमाशों ने एक युवक को गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। गोली की आवाज सुनकर स्थानीय लोग मौके पर जमा हो गए, जिसके बाद बदमाश फरार हो गए। लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। घायल युवक की पहचान घटारो गांव निवासी स्वर्गीय विनय सिंह के 20 वर्षीय पुत्र विवेक कुमार के रूप में हुई है। उसे पहले सदर अस्पताल हाजीपुर में भर्ती कराया गया, लेकिन गंभीर हालत को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए हाजीपुर के एक निजी नर्सिंग होम में रेफर कर दिया गया, जहां उसका इलाज जारी है। स्थानीय लोगों के अनुसार, विवेक का गांव के ही एक अन्य लड़के से लड़की को लेकर विवाद चल रहा था। इसी विवाद के चलते युवक को गोली मारी गई है। गोली विवेक के दाहिने हाथ को छूते हुए सीने में जा फंसी है। पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच-पड़ताल में जुट गई है। सदर एसडीपीओ-2 गोपाल मंडल ने बताया कि आपसी विवाद के कारण युवक को गोली मारी गई है। उन्होंने पुष्टि की कि गोली हाथ को छूते हुए सीने में फंसी है और मामले की विस्तृत जांच की जा रही है।

### 120 मीटर ऊंचे टावर पर चढ़ा युवक, कहा-मेरी गर्लफ्रेंड को बुलाओ, पुलिस बोली- नीचे आओ, 6 घंटे बाद उतरा

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर में गर्लफ्रेंड से शादी करने की जिद में एक लड़का 120 मीटर ऊंचे मोबाइल टावर पर चढ़ गया। उसका कहना था कि वह अपनी गर्लफ्रेंड से शादी करना चाहता है, लेकिन लड़की की शादी कहीं और तय की जा रही है। वहां मौजूद लोगों ने जब लड़के से उतरने के लिए कहा, लेकिन वो नहीं माना। उसका कहना था कि पहले उसकी गर्लफ्रेंड को बुलाया जाए, तभी वहां उतरेगा। मोबाइल टावर पर चढ़ने के बाद उसने डायल 112 को फोन भी किया। उसने पुलिस से कहा, 'मेरी गर्लफ्रेंड की शादी कहीं और तय हो रही है। आपलोग मेरी गर्लफ्रेंड को लेकर आइए और उससे मेरी शादी तय करवाइए, तभी मैं नीचे उतरूंगा, नहीं तो कूदकर जान दे दूंगा। मामला मुजफ्फरपुर जंक्शन इलाके का है।' मौके पर पहुंची पुलिस ने लड़के से कहा, तुम नीचे आ जाओ, तुमको सीधा ससुराल ले चलेंगे। हम लिखकर देते है, पूरा प्रशासन तुमको लेकर चलेगा। लड़की के परिवार से हमलोग बात करेंगे। चंदा मिलाकर थाने में तुम्हारी शादी होगी।' टावर पर चढ़े युवक का नाम अनीश है। वह पारू धरफरी वार्ड नंबर 9 का रहने वाला है। वो एक महीने पहले ही मुंबई से अपने घर लौटा था। मंगलवार की देर शाम वह फिर से मुंबई जाने के लिए घर से निकला था, लेकिन बुधवार सुबह करीब 8 बजे वह जंक्शन के पास मोबाइल टावर पर चढ़ गया। बताया जा रहा है कि अनीश का प्रेम संबंध मुजफ्फरपुर के देवरिया की एक युवती से है। उसने कहा, "मेरी गर्लफ्रेंड को बुला दो। हम 6 महीने से एक दूसरे से प्यार करते हैं। मैं छठ पर अपने गांव गया था, वहां मेरी उससे मुलाकात हुई। इसके बाद हमारी बातचीत होने लगी। उसने मुझसे शादी का वादा किया था। वो शादी का वादा कर के मुकर रही है। उसने मुझसे झूठा वादा किया, अब उसकी बहन बोल रही है कि वो दूसरी जगह शादी कर रही है। सुबह हमारी बात हुई थी। वो नहीं मान रही थी। उसे बुलाने के लिए मैं टावर पर चढ़ा हूं। वो जब तक नहीं आएगी, मैं नहीं उतरूंगा। मेरी सभी जगह बदनामी हो चुकी है।"

# पटना में बदमाशों ने छड़-गिट्टी के कारोबारी को मारी गोली

## अपार्टमेंट की सीढ़ियों पर छिपे थे, पीछे से आवाज दी, मुड़ते ही 5 राउंड फायरिंग की

**एजेंसी, पटना**

पटना में जेडीयू विधायक श्याम रजक के करीबी को अपार्टमेंट में घुसकर बदमाशों ने गोली मार दी। घायल की पहचान दिलीप कुमार(40) के रूप में हुई है। दिलीप छड़-गिट्टी का कारोबार करते हैं। बदमाशों ने पांच राउंड फायरिंग की। दिलीप को एक गोली पेट में लगी है। दूसरी गोली हाथ को छूती हुई निकल गई। घटना शास्त्रीनगर थाना इलाके के जीएस इंक्लेव की है। इस वारदात का 2 मिनट 5 सेकेंड का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। इस वीडियो में देखा जा सकता है कि कैसे 2 बदमाश हेलमेट लगाए अपार्टमेंट की सीढ़ियों के पास छिपकर बैठे हैं। जैसे ही दिलीप सीढ़िओं पर चढ़ते हैं। बदमाश पीछे से आवाज देते हैं और गोली चला देते हैं। एक गोली दिलीप के पेट में लगी है। वो अंदर की तरफ भागते हैं। बदमाश भी उनके पीछे दौड़ते हैं और 4 गोली और दिलीप को निशाना बनाकर चलाते हैं, लेकिन बदमाशों का निशाना चूक जाता है।

कारोबारी दिलीप कुमार मंगलवार की रात करीब 9.30 बजे अपने दफ्तर से अपार्टमेंट



पहुंचते हैं। वो बताते हैं कि, जैसे ही मैं सीढ़ी चढ़कर फ्लैट की ओर बढ़ रहे थे, पहले से घात लगाए दो युवक आए और उसमें से एक ने मुझे पीछे हाथ से नॉक करता है। मैं देखने के लिए पीछे मुड़ा तब तक उसने गोली मार दी। मैं ऊपर की ओर जान बचाने के लिए भागा, लेकिन एक बदमाश पिस्टल लेकर पीछा करता रहा। एक मेरे पीछे-पीछे पिस्टल लेकर बढ़ा। कुछ सीढ़ी चढ़ने के बाद फिर वह वापस लौटकर फायरिंग करते भाग गया। घटना के बाद उन्हें तुरंत रुबान हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

दिलीप कुमार 'एमपी इंजिकॉन' कंपनी चलाते हैं, जिसका दफ्तर बोरिंग रोड स्थित कुमार टावर में है। उनकी कंपनी बड़ी निर्माण कंपनियों को मैटेरियल सप्लाई करती है। एमपी ईनजीकौन एसपी सिंगला जैसी बड़ी-बड़ी कंपनियों में छड़ गिट्टी की सप्लाई देती है। दिलीप, जदयू विधायक श्याम रजक के अच्छे मित्र हैं। घटना की जानकारी मिलने के बाद श्याम रजक भी उन्हें देखने आए हैं।

**कंस्ट्रक्शन मैटेरियल सप्लाई करते हैं कारोबारः** अस्पताल पहुंचे दिलीप के पार्टनर रवि कुमार ने बताया कि, 'दफ्तर से दिलीप सीपी ठाकुर रोड नंबर 2 शिवपुरी स्थित G.S इंक्लेव अपार्टमेंट में आ रहे थे। तभी बदमाशों ने उनके ऊपर फायरिंग कर दी। हमारी कंपनी एसपी सिंगला जैसी बड़ी-बड़ी कंपनियों को मैटेरियल सप्लाई करती है। मुख्य काम भवन, पुल, पुलिया, आदि कंस्ट्रक्शन में मैटेरियल सप्लाई करने का है।' पुलिस सूत्रों का कहना है कि कुछ बिल्डर से हिसाब किताब में रुपए लेनदेन को लेकर देरी चल रही थी, जिसको लेकर विवाद चल रहा था। फिलहाल, इस एंगल से भी पुलिस छानबीन कर रही है। आसपास में लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है। जल्द से जल्द अपराधियों को पकड़ लिया जाएगा।

# 'भगवान सीएम बन जाएं तो भी मर्डर नहीं रुकेगा'

**एजेंसी, पटना**



**हत्याकांड में बेल पर बाहर आए अनंत सिंह बोले-सरकार हर घर में पुलिस थोड़े ना बैठाएगी**

मोकामा से बाहुबली विधायक अनंत सिंह ने दैनिक भास्कर से बिहार के अपराध, राजनीति और अपने भविष्य को लेकर खुलकर बात की। अपने बेबाक बयान के लिए पहचान रखने वाले अनंत सिंह ने इस बार भी बिना लाग-लपेट के हर सवाल का जवाब दिया। बिहार में बढ़ते अपराध पर सवाल पूछा गया तो अनंत सिंह सीधे बोले- 'मर्डर बिहार में रुकने वाला नहीं है। यहां भगवान भी मुख्यमंत्री बन जाएंगे तो मर्डर नहीं रुकेगा।'

उन्होंने कहा कि, 'ये सब आपसी दुश्मनी का मामला होता है, हमरा-तोरा में लड़ाई है तो पुलिस क्या करेगी, सरकार क्या करेगी? सरकार घर-घर पुलिस थोड़ी ना बैठाएगी।' हालांकि उन्होंने ये भी कहा कि, 'हालात पहले जैसे नहीं हैं। अब अगर कोई किडनैप भी करता है तो इतना डर है कि 2 घंटे में छोड़ देता है।'

**नदमा में महादंगल, 10 लाख लोग पहुंचेंगेः** अपने गांव नदमा में होने वाले महा दंगल को लेकर भी अनंत सिंह काफी उत्साहित नजर आए। उन्होंने बताया कि, '3 अप्रैल तक बड़ा आयोजन हो रहा है। देश-विदेश से 100 से ज्यादा पहलवान आ रहे हैं। 10 लाख से ज्यादा लोग दंगल देखने पहुंचेंगे। उन्होंने आगे बताया कि, 'जो बाहर से आएंगे, उनके खाने-पीने का पूरा इंतजाम है। ऐसा दंगल बिहार में पहले कभी नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि, 'वे खुद भी 4 अप्रैल तक गांव में ही रहेंगे। अनंत सिंह अपने प्यारे घोड़े लाडला के साथ नदवां की सड़कों पर दिखे। घोड़े को जो संभाल रहा था उसे देखकर अनंत सिंह ने कहा कि इस घोड़े को संभालने के लिए ताकतवर आदमी चाहिए।

# पटना के फेमस डॉक्टर से मांगी 10 लाख की रंगदारी

**एजेंसी, पटना**

पटना में चर्चित चाइल्ड स्पेशलिस्ट डॉक्टर से रंगदारी मांगी गई है। जक्कनपुर थाना क्षेत्र के मीठापुर स्थित जन चिकित्सा हॉस्पिटल के डॉक्टर अभिषेक कुमार सिंह से फोन कर 10 लाख रुपये की डिमांड हुई है। वहीं, रकम नहीं देने पर उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी गई है। इस घटना के बाद डॉक्टर और उनके परिजनों में खौफ का माहौल है। इस मामले में पीड़ित डॉक्टर अभिषेक सिंह ने जक्कनपुर थाना में लिखित आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई है।

**फोन कर दी धमकी, गाली-गलौज भीः** पीड़ित डॉक्टर अभिषेक सिंह के अनुसार, 30 मार्च 2026 की रात करीब 8:52 बजे एक अज्ञात व्यक्ति ने फोन किया था। कॉल करने वाले ने खुद को दबंग बताते हुए 10



**रकम नहीं देने पर जान लेने की धमकी दी, कॉल पर गाली-गलौज किया, 2 अस्पताल के हैं डायरेक्टर**

लाख रुपये की मांग की। विरोध करने पर आरोपी ने गाली-गलौज की और गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। डॉक्टर ने बताया कि कॉल काटने के बाद भी उसी नंबर से लगातार कॉल आने लगे, लेकिन उन्होंने दोबारा फोन रिसीव नहीं किया।

# पटना से चोरी करके नेपाल बॉर्डर पहुंचाते थे मोबाइल फोन, रक्सौल बॉर्डर इलाके से तस्कर गिरफ्तार

**एजेंसी, पटना**

पटना पुलिस ने मोबाइल चोर गिरोह के नेटवर्क का खुलासा किया है। जो पटना के अलग-अलग इलाकों से मोबाइल चोरी करके बाई रोड रक्सौल बॉर्डर ले जाते थे। इसके लिए सुविधा के अनुसार निजी वाहनों का भी इस्तेमाल तस्कर कर रहे थे। आशंका है कि वहां जमा करने के बाद नेपाल में सप्लाई होती थी। पकड़े गए आरोपी पटना के कदमकुआं, शाहपुर और चिरैया पूर्वी चंपारण के हैं। इनके पास चोरी के कुल 55 मोबाइल फोन मिले हैं। जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 15 लाख रुपए है। फिलहाल पटना पुलिस पूछताछ के आधार पर इनके लिंकेज खंगाल रही है। हाल ही में जक्कनपुर इलाके से भी इसी तरीके का एक गिरोह पकड़ा गया था। जो पटना से मोबाइल फोन चोरी



करके बस के जरिए रक्सौल भेज रहा था, और वहां से नेपाल में सप्लाई होती थी।

**दो संदिग्ध सचिवालय हॉल्ट के पास से पकड़े गए थेः** पटना सेंट्रल एसपी दीक्षा ने बताया कि बीते 30 मार्च को सचिवालय थाने की पुलिस को सूचना मिली कि सचिवालय हॉल के पास मोबाइल स्नेचिंग गिरोह के कुछ मेंबर घटना को अंजाम देने के सिलसिले में आए हैं। इसी सूचना के आधार पर घेराबंदी करके सर्च किया गया। इस दौरान दो संदिग्ध सचिवालय हॉल्ट के पास से पकड़े गए। उनके बैग की तलाशी ली गई तो 22 मोबाइल फोन मिले। इनकी निशानदेही पर पटना और पूर्वी चंपारण की रक्सौल में छापेमारी

**♦ 15 लाख के मिले 55 मोबाइल**

की गई। जहां से 33 और मोबाइल फोन के साथ 2 अन्य लोगों को पूर्वी चंपारण की रक्सौल बॉर्डर इलाके से अरेस्ट किया गया। इसमें रवि कुमार, रौशन कुमार, साजन और आदित्य समेत 4 लोगों को अरेस्ट किया गया है। फिलहाल उनके लिंकेज खंगाले जा रहे हैं।

**नेपाल जाने के बाद नहीं रन कर पता है आईएमइआई नंबरः** पुलिस सूत्रों की माने तो नेपाल में मोबाइल फोन खपाए जाते हैं। वहां आईएमइआई नंबर रन नहीं कर पता है। जिसके चलते बिहार या भारत में चोरी किए गए मोबाइल फोन को पकड़ना ट्रैक करना आसान नहीं होता है। इसके चलते मुश्किलें आती हैं।

# सीएम कार्यक्रम में हंगामा करने वाले छात्रों पर एफआईआर, पीयू छात्र संघ अध्यक्ष समेत 6 पर केस

**एजेंसी, पटना**

पटना विश्वविद्यालय परिसर में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कार्यक्रम के दौरान छात्रों के हंगामे को लेकर थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है। पीरबहोर थाना में आवेदन देने के बाद पीयू छात्र संघ अध्यक्ष समेत 6 छात्रों के खिलाफ नामजद FIR दर्ज कर लिया गया है। यह आवेदन ड्यूटी पर तैनात प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी विरेन्द्र चौधरी ने दिया है। उन्होंने अपने आवेदन में नामजद छात्रों और 30-35 अज्ञात छात्रों के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा, हंगामा और विधि-व्यवस्था भंग करने के आरोप में कार्रवाई की मांग की है।

**CM के आने से पहले शुरू हुआ हंगामाः** आवेदन के मुताबिक, 30 मार्च को नए भवनों के उद्घाटन कार्यक्रम में विरेन्द्र चौधरी की ड्यूटी लगाई गई थी। मुख्यमंत्री के आने से पहले करीब 15-20 छात्र कार्यक्रम स्थल के पास पहुंचे और हंगामा



करने लगे। छात्रों का आरोप था कि उन्हें कार्यक्रम में आमंत्रित नहीं किया गया और शिलापट्ट पर कुलपति का नाम भी नहीं लिखा गया है। कुछ ही देर में अन्य छात्र भी वहां पहुंच गए और 30-35 छात्रों की भीड़ जमा हो गई।

**पुलिस और मजिस्ट्रेट से धक्का-मुक्की के आरोपः** हंगामा कर रहे छात्रों को पुलिस बल और मजिस्ट्रेट ने समझाने की कोशिश की, लेकिन वे नहीं माने। छात्र नारेबाजी करते हुए कार्यक्रम में बाधा डालने लगे और धक्का-मुक्की करने लगे। इस दौरान कुछ पुलिसकर्मियों को चोट भी आई। घटना की वीडियोग्राफी कराई गई है, जिसके आधार पर कुछ छात्रों की पहचान की गई है। इनमें छात्र संघ अध्यक्ष शांतनु शेखर समेत कई छात्र शामिल हैं।

**कुलपति की भूमिका पर भी सवालः** आवेदन में यह भी कहा गया है कि पटना विश्वविद्यालय के कुलपति अजय कुमार मौके पर मौजूद थे, लेकिन उन्होंने छात्रों को

**कुलपति की भूमिका पर भी उठाए सवाल**

न तो रोका और न ही समझाने का प्रयास किया। पदाधिकारी ने आशंका जताई है कि छात्रों को कुलपति का समर्थन मिल रहा था।

**ताला लेकर पहुंचे थे छात्र संघ अध्यक्षः** पटना स्टूडेंट छात्र संघ के अध्यक्ष शांतनु कॉलेज गेट पर ताला लगाने के लिए पहुंचे थे, लेकिन उन्हें ताला लगाने से रोक दिया गया। उन्होंने कहा कि मैं विश्वविद्यालय का अध्यक्ष चुनकर आया हूं और मैं छात्रों के हित में अपनी बातें आज यहां पर रखूंगा। इस दौरान उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा और शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने भी छात्रों को समझाने की कोशिश की, लेकिन वो नहीं माने। डीएम त्यागराजन ने भी उन्हें समझाने की कोशिश की है। छात्रों ने उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा और शिक्षा मंत्री को भी घेर लिया।

# पटना में बंधक बनाकर नाबालिग से रेप, आरोपी गिरफ्तार

**एजेंसी, पटना**

पटना में नाबालिग के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोपी पर 12 वर्षीय बच्ची को बहला-फुसलाकर बंधक बनाकर दो बार रेप करने का आरोप है। पीड़िता मंगलवार को अपने परिजनों के साथ महिला थाना पर शिकायत दर्ज करने पहुंची थी, जहां आरोपी पक्ष के भी लोग पहुंच गए। इस दौरान थाने के बाहर और अंदर समझा बुझाकर मामले को रफा-दफा करने का प्रयास किया गया।

**समझौता करने 1 से 10 लाख देने का दिया प्रलोभनः** आरोपी के बचाव में उसकी मां और बहन भी थाने पर आई थी। समझौता के लिए 1 लाख से लेकर 10 लाख रुपए तक का प्रलोभन दिया गया। लेकिन पीड़िता अपने स्टेटमेंट पर कायम रही। पीड़िता की ओर से थाने पर लिखित शिकायत की गई। इसके बाद पुलिसकर्मियों ने जिला सदर अस्पताल गर्दनीबाग में उसका मेडिकल कराया। पीड़िता की ओर से थाने में शिकायत दर्ज



**♦ पीड़िता महिला थाना पहुंची, आरोपी पक्ष ने की 10 लाख देकर सेटलमेंट की कोशिश**

कराई गई है। आवेदन के मुताबिक, मसौढ़ी का रहने वाला प्रिंस कुमार (32 वर्ष) उनकी नाबालिग बेटी (12 वर्ष) को बहला फुसलाकर मीठापुर बाईपास भूपतीपुर स्थित रेंट के मकान में ले गया। वहां दो बार 16 मार्च और 19 मार्च को उसके साथ रेप किया। फिर बच्ची को डराया कि इस बात की जानकारी किसी को मत देना। इसके बाद मांग में सिंदूर भी भर दिया। पीड़िता की मां ने बताया कि, 'मांग में सिंदूर देखने के बाद जब मैंने बेटी से पूछा तो उसने सारी घटना की जानकारी दी।

# नहर में अधेड़ महिला का शव मिला, तीन दिनों से घर से लापता

**एजेंसी, पटना**

पटना के पालीगंज थाना क्षेत्र के कुरकुरी गांव में बुधवार सुबह एक अधेड़ महिला का शव नहर से बरामद बरामद किया गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। घटनास्थल से पुलिस को कोई आपत्तिजनक वस्तु नहीं मिलने से पुलिस जांच में जुटी है। स्थानीय लोगों ने बताया कि, सुबह खेत की ओर जाते समय नहर में महिला का शव देखा गया। इसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। खबर फैलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई।

**रामपुर नगमा गांव की है महिलाः** मृतक अधेड़ महिला की पहचान पालीगंज थाना क्षेत्र के रामपुर नगमा गांव निवासी सोहराई भगत की 80 वर्षीय पत्नी सीतापति



के रूप में हुई है। वह पिछले तीन दिनों से घर से लापता थी। वह मानसिक रूप से बीमार भी चल रही थी। आज खबर चलने के बाद परिवार के लोग घटनास्थल में पहुंचे और पहचान की।

मामले को लेकर राजीव चंद्र सिंह (डीएसपी-1, पालीगंज) ने बताया कि ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची है। फॉरेंसिक जांच के लिए FSL टीम को भी बुलाया गया है। फिलहाल, पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि मामला हत्या का है या फिर कोई हादसा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा।

# बिहार में खनन सेक्टर में निवेश के नए मौके

**एजेंसी, पटना**

बिहार में खनन और राजस्व व्यवस्था को लेकर उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने आज प्रेसवार्ता करते हुए कई अहम दावे और घोषणाएं कीं। उन्होंने साफ कहा कि, पहले खनन विभाग पर बाहुबलियों का दबदबा रहता था, लेकिन अब यह विभाग "भय" से निकलकर पूरी तरह "राजस्व आधारित" व्यवस्था में बदल चुका है।

**राजस्व में दोगुना उछाल, 3592 करोड़ का आंकड़ा पारः** विजय सिन्हा ने बताया कि, वित्तीय वर्ष समाप्त होने के बाद कुल 3592 करोड़ रुपये का राजस्व हासिल हुआ, जिसे उन्होंने "नया इतिहास" बताया। राज्य के 21 जिलों ने 100% लक्ष्य हासिल कर इस उपलब्धि में अहम योगदान दिया।

**अवैध खनन पर सख्ती, 78 घाटों को किया सरेंडरः** डिप्टी सीएम ने बताया कि, बिहार में फिलहाल 473 बालू घाट संचालित हो रहे हैं। वहीं, 78 घाटों को संचालकों द्वारा सरेंडर



कर दिया गया, जिससे करीब 600 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ। ये घाट अधिक बोली लगाकर अवैध खनन के उद्देश्य से लिए गए थे, लेकिन सख्ती बढ़ने के बाद इन्हें छोड़ना पड़ा। सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि सरेंडर करने वाले ऐसे लोगों को भविष्य में किसी भी टेंडर प्रक्रिया में शामिल नहीं किया जाएगा।

**विजय सिन्हा बोले- राजस्व में दोगुना उछाल, 3592 करोड़ का आंकड़ा पार, रोहतास-बांका में ब्लॉक नीलामी**

**बाहरी खनिज पर सख्त नियमः** विजय सिन्हा ने एक बड़ा फैसला लेते हुए कहा कि, 'अब दूसरे राज्यों से बालू या अन्य खनिज लाने वाले वाहनों के लिए ट्रांजिट पास अनिवार्य होगा। नियम का उल्लंघन करने पर 25 गुना तक जुर्माना लगाया जाएगा।'

**पत्थर खनन के लिए नई योजनाः** सरकार ने पत्थर खनन को व्यवस्थित करने के लिए 30 स्थानों का चयन किया है। जल्द ही इन क्षेत्रों के लिए नई नीति और प्रक्रिया की घोषणा की जाएगी। डिप्टी CM ने कहा कि इन सभी कदमों से न केवल राजस्व में वृद्धि होगी, बल्कि अवैध खनन पर भी प्रभावी नियंत्रण संभव होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### तलवारबाजी एकलव्य प्रशिक्षण केंद्र हेतु चयन ट्रायल आयोजित



**बीएनएम @ मोतिहारी**। नगर के खेल भवन में तलवारबाजी एकलव्य प्रशिक्षण केंद्र हेतु 12 से 14 वर्ष तक आयु वर्ग के बालक एवं बालिका खिलाड़ियों का चयन ट्रायल बुधवार को आयोजित किया गया। इस चयन ट्रायल में पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण एवं शिवहर जिलों से लगभग 40 लड़कों तथा 30 लड़कियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का सफल संचालन बिहार राज्य खेल प्राधिकरण द्वारा प्रतिनियुक्त प्रशिक्षक अनुराग चौधरी एवं अंकित कुमार के द्वारा किया गया। चयनित खिलाड़ियों की सूची जिला खेल कार्यालय द्वारा बिहार राज्य खेल प्राधिकरण को भेजी जाएगी। चयनित खिलाड़ियों को खेल विभाग, बिहार सरकार एवं बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पटना द्वारा संचालित एकलव्य राज्य तलवारबाजी प्रशिक्षण केंद्र में पठन-पाठन, खेलकूद, भोजन तथा आवासन की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, जिससे खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन कर जिला, राज्य एवं देश का नाम रोशन कर सकें। इस अवसर पर मनोज कुमार प्रसाद, अप्पु कुमार, राजन कुमार, संदीप कुमार, रमेश कुमार सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### डुमरियाघाट पुलिस ने बरामद की चोरी की बाइक, आरोपी की तलाश जारी

**बीएनएम @ मोतिहारी**। वाहन चोरी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत डुमरियाघाट थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने ग्राम सरोतर में छापेमारी कर एक चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस ने बरामद बाइक की HHD मशीन से जांच कराई, जिसमें पता चला कि यह मोटरसाइकिल सारण जिले के दरियापुर थाना कांड संख्या 33/26 से संबंधित है। इसके बाद पुलिस ने बाइक को जब्त कर थाना लाया और आगे की कार्रवाई शुरू कर दी। थानाध्यक्ष ने बताया कि इस मामले में शामिल अभियुक्त की पहचान कर ली गई है। उसकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि आरोपी किसी बड़े वाहन चोरी गिरोह से जुड़ा है या नहीं। पुलिस का कहना है कि जिले में चोरी की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### अलग-अलग कांडों में वांछित दो अपराधी गिरफ्तार, एक का आपराधिक इतिहास भी उजागर

**बीएनएम @ मोतिहारी**। जिले में वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस को अहम सफलता मिली है। अलग-अलग थाना क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें एक का आपराधिक इतिहास भी सामने आया है। पुलिस के अनुसार पिपरा थाना कांड संख्या 330/25 में हत्या के प्रयास एवं आर्म्स एक्ट के मामले में वांछित अभियुक्त विकास कुमार सिंह, पिता स्वर्गीय राम अयोध्या सिंह, निवासी चकबारा बखरी, थाना पिपरा को विधिवत गिरफ्तार किया गया। वह लंबे समय से पुलिस की गिरफ्त से बाहर चल रहा था। वहीं दूसरी कार्रवाई में कल्याणपुर थाना कांड संख्या 450/25 के डकैती मामले में वांछित अभियुक्त सुभाष राय, पिता सिपाही राय, निवासी अब्दुलगनी, थाना मेहसी को भी गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस जांच में सुभाष राय का आपराधिक इतिहास भी सामने आया है। उसके खिलाफ कल्याणपुर थाना में पहले से डकैती और चोरी के कई मामले दर्ज हैं। इनमें कांड संख्या 01/25, 429/24 (डकैती) तथा 438/24 (चोरी) प्रमुख हैं।

### सीमा पर शराब तस्करों पर बड़ा प्रहार, कई थाना क्षेत्रों से भारी मात्रा में शराब बरामद, तीन गिरफ्तार

**बीएनएम @ मोतिहारी**। जिले में अवैध शराब और तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस और एसएसबी की संयुक्त टीम को बड़ी सफलता मिली है। अलग-अलग थाना क्षेत्रों में की गई कार्रवाई में भारी मात्रा में नेपाली और अंग्रेजी शराब बरामद की गई, जबकि तीन तस्करों को गिरफ्तार किया गया। कुंडवाचैनपुर थाना क्षेत्र में गुप्त सूचना के आधार पर एसएसबी के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए नेपाल बॉर्डर के परसा सैनिक रोड के पास से 20 बोतल नेपाली शराब (कुल 126 लीटर) के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया। वहीं जितना थाना क्षेत्र में संयुक्त छापेमारी के दौरान नेपाल सीमा के समीप 30.9 लीटर नेपाली शराब बरामद की गई। हालांकि इस मामले में तस्कर मौके का फायदा उठाकर फरार हो गए। चिरैया थाना क्षेत्र के ग्राम सेनुबरिया में पुलिस ने एक ई-रिक्शा से 245 बोतल नेपाली कस्तूरी शराब (कुल 73.5 लीटर) बरामद करते हुए एक तस्कर को गिरफ्तार किया। इसके अलावा केसरिया थाना क्षेत्र के ग्राम कढान में छापेमारी कर 96 बोतल अंग्रेजी शराब (कुल 17.280 लीटर) बरामद की गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सीमा क्षेत्र में शराब तस्करी पर रोक लगाने के लिए एसएसबी के साथ लगातार संयुक्त अभियान चलाया जा रहा है। सभी मामलों में बरामद शराब को जब्त कर उत्पाद अधिनियम के तहत अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# एमजीसीयू के तृतीय दीक्षांत समारोह की तैयारियों को लेकर उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित

बीएनएम @ मोतिहारी



**मोतिहारी**। महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय, मोतिहारी में आगामी 4 अप्रैल 2026 को आयोजित होने वाले तृतीय दीक्षांत समारोह की तैयारियों को लेकर बुधवार को कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में कुलानुशासक प्रो. प्रसून दत्त सिंह सहित विभिन्न समितियों के प्रभारी उपस्थित रहे। कुलपति ने सभी तैयारियों का विस्तृत जायजा लेते हुए कार्यक्रम को भव्य, सुव्यवस्थित एवं गरिमामय ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए। प्रो. प्रसून दत्त सिंह ने अवगत कराया कि सभी तैयारियां अंतिम चरण में हैं तथा विभिन्न समितियां समन्वय के साथ कार्य कर रही हैं। उन्होंने यह भी बताया कि जिला प्रशासन का पूर्ण सहयोग प्राप्त हो रहा है, जिससे कार्यक्रम के सफल आयोजन की दिशा में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। तृतीय दीक्षांत समारोह में इस वर्ष शैक्षणिक उत्कृष्टता का विशेष सम्मान किया जाएगा। समारोह में 22 विद्यार्थियों को विभागीय टॉपर के रूप में कुलपति गोल्ड मेडल प्रदान किया जाएगा, जिनमें 19 स्नातकोत्तर एवं 3 स्नातक कार्यक्रमों के विद्यार्थी शामिल हैं। इसके अतिरिक्त अर्थशास्त्र विभाग के टॉपर को प्रो. जनार्दन प्रसाद गोल्ड मेडल से सम्मानित किया जाएगा। विद्यालय (स्कूल) स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को भी विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा। कुल 9 स्कूल टॉपर गोल्ड मेडल प्रदान किए जाएंगे, जिनमें 7 स्नातकोत्तर एवं 2 स्नातक कार्यक्रमों के विद्यार्थी शामिल हैं। स्नातकोत्तर कार्यक्रमों में स्कूल ऑफ फिजिकल साइंसेज के लिए महार्षि कणाद गोल्ड मेडल रुतुपर्णा रथ को, स्कूल ऑफ लाइफ साइंसेज के लिए महार्षि सुश्रुत गोल्ड मेडल अदिति प्रज्ञा को, स्कूल ऑफ कम्प्यूटेशनल साइंसेज, इंफॉर्मेशन एंड कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी के लिए आर्यभट्ट गोल्ड मेडल मुस्कान कुमारी को, स्कूल ऑफ ह्यूमैनिटीज एंड लैंग्वेजेज के लिए महार्षि वाल्मीकि गोल्ड मेडल बलिराम कुमार को, स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज के लिए सम्राट अशोक गोल्ड मेडल आनंद कुमार को, स्कूल ऑफ एजुकेशन के लिए महार्षि कात्यायन गोल्ड मेडल चंदन कुमार को तथा पीएमएमएम स्कूल ऑफ कॉमर्स एंड मैनेजमेंट साइंसेज के लिए आचार्य कौटिल्य गोल्ड मेडल रचित यशस्वी को प्रदान किया जाएगा। स्नातक कार्यक्रमों में स्कूल ऑफ कम्प्यूटेशनल साइंसेज, इंफॉर्मेशन एंड कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी के लिए आर्यभट्ट गोल्ड मेडल सिमरन साहिवाल को तथा पीएमएमएम स्कूल ऑफ कॉमर्स एंड मैनेजमेंट साइंसेज के लिए आचार्य कौटिल्य गोल्ड मेडल श्रुति कुमारी को प्रदान किया जाएगा। विश्वविद्यालय स्तर पर सर्वोच्च उपलब्धि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को कुलाधिपति गोल्ड मेडल से सम्मानित किया जाएगा। इस वर्ष स्नातकोत्तर कार्यक्रमों में अदिति प्रज्ञा तथा स्नातक कार्यक्रमों में सिमरन साहिवाल को विश्वविद्यालय टॉपर के रूप में यह प्रतिष्ठित सम्मान प्रदान किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि दोनों ही छात्राएं हैं, जो विश्वविद्यालय की शैक्षणिक उत्कृष्टता एवं महिला सशक्तिकरण का सशक्त उदाहरण प्रस्तुत करती हैं। यह दीक्षांत समारोह न केवल विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धियों का सम्मान है, बल्कि महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय की उत्कृष्टता, गुणवत्ता एवं राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ती प्रतिष्ठा का भी प्रतीक है।

## फर्जी नंबर प्लेट लगाकर चला रहा था चोरी की बाइक, पुलिस ने दबोचा

बीएनएम @ मोतिहारी




**मोतिहारी**। बीजधरी थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए चोरी की मोटरसाइकिल के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी डुप्लीकेट नंबर प्लेट लगाकर बाइक चला रहा था, ताकि वाहन की असली पहचान छिपाई जा सके। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अजय कुमार (35 वर्ष), पिता स्वर्गीय रामचंद्र महतो, ग्राम थतिया, थाना कथैया, जिला मुजफ्फरपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके कब्जे से एक मोटरसाइकिल बरामद की, जिस पर BR06CU3328 नंबर अंकित था। थानाध्यक्ष सीमा कुमारी ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति चोरी की बाइक पर फर्जी नंबर प्लेट लगाकर घूम रहा है। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस टीम ने घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया। पूछताछ और वाहन जांच के दौरान बाइक का चेचिस नंबर MBLHAW129MHE80858 एवं इंजन नंबर HA11EYMHE65432 का मिलान किया गया, जिसमें इसका वास्तविक रजिस्ट्रेशन नंबर BR05AP6759 पाया गया। उन्होंने बताया कि जांच में यह भी स्पष्ट हुआ कि उक्त बाइक चोरी के मामले में केसरिया थाना कांड संख्या 216/22 में दर्ज है। बरामद मोटरसाइकिल अवध राय, पिता जगन राय, ग्राम बीजधरी निजामत, थाना बीजधरी, जिला पूर्वी चंपारण की है। थानाध्यक्ष सीमा कुमारी ने कहा कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है। यह पता लगाया जा रहा है कि वह किसी बड़े वाहन चोरी गिरोह से जुड़ा है या फर्जी नंबर प्लेट लगाकर चोरी की गाड़ियों को खपाने का काम करता था। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

## सिसवा पूर्वी पंचायत में ई-लाइब्रेरी का भव्य उद्घाटन, शिक्षा और डिजिटल सशक्तिकरण को मिलेगा बढ़ावा

बीएनएम @ मोतिहारी




**मोतिहारी**। जिला के बंजरिया प्रखंड स्थित सिसवा पूर्वी पंचायत में बुधवार को ई-लाइब्रेरी का भव्य उद्घाटन जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल के करकमलों द्वारा संपन्न हुआ। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त डॉ. प्रदीप कुमार की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा को और बढ़ाया। उद्घाटन के दौरान जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि ई-लाइब्रेरी की स्थापना शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पहल है, जो ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल सशक्तिकरण को बढ़ावा देगी। उन्होंने कहा कि इससे छात्रों एवं युवाओं को आधुनिक शिक्षा संसाधनों तक आसान पहुंच मिलेगी, जिससे उनका समग्र विकास संभव होगा। उप विकास आयुक्त ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह ई-लाइब्रेरी गांव के बच्चों और युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने इसे ज्ञान और तकनीक के संगम का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी महोदय द्वारा पंचायत सरकार भवन का निरीक्षण भी किया गया, जिसमें विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया तथा आवश्यक सुझाव दिए गए। इस अवसर पर स्थानीय मुखिया, सरपंच सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# पूर्वी चंपारण में एलपीजी आपूर्ति सामान्य, उर्वरक जमाखोरी पर सख्ती के निर्देश

» पीएनजी कार्य 15 अप्रैल तक पूरा करने का लक्ष्य

बीएनएम @ मोतिहारी



**मोतिहारी**। प्रभारी सचिव -सह- सचिव, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, बिहार सरकार अभय कुमार सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को पूर्वी चंपारण जिले में आवश्यकवस्तुओं एवं सेवाओं की उपलब्धता को लेकर विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में एलपीजी गैस सिलेंडर वितरण, पीएनजी कनेक्शन की प्रगति एवं उर्वरक उपलब्धता जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने बताया कि जिले में एलपीजी गैस की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है। प्रतिदिन लगभग 8000 सिलेंडर की डिलीवरी की जा रही है, जबकि मांग करीब 7000 है। हाल के दिनों में बढ़ी बुकिंग को पैनिक बुकिंग बताया गया, जिसमें अब कमी आई है। गैस वितरण की निगरानी अनुमंडल पदाधिकारियों द्वारा नियमित रूप से की जा रही है। शिकायत निवारण के लिए जिला नियंत्रण कक्ष (06252-242418) लगातार सक्रिय है। प्रभारी सचिव ने निर्देश दिया कि सभी गैस एजेंसियां अपने यहां डिस्प्ले बोर्ड लगाकर बैकलॉग, उपलब्धता और दैनिक वितरण की स्पष्ट जानकारी उपभोक्ताओं को दें। साथ ही, ओटीपी मिलने के बावजूद वास्तविक डिलीवरी नहीं होने की शिकायतों पर प्रत्येक अनुमंडल में कम से कम दो मामलों का स्पॉट वेरिफिकेशन करने का निर्देश दिया गया। पीएनजी कनेक्शन की प्रगति की समीक्षा में बताया गया कि मोतिहारी शहर में लगभग 2000 कनेक्शन का कार्य अंतिम चरण में है। इसे 15 अप्रैल तक पूर्ण करने तथा दूसरे चरण के कार्य को 30 अप्रैल तक समाप्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। एजेंसियों को युद्ध स्तर पर कार्य करने की सख्त हिदायत दी गई। उर्वरक उपलब्धता पर चर्चा करते हुए बताया गया कि कृषि कार्यों के लिए पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध है। प्रभारी सचिव ने जमाखोरी और कालाबाजारी पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश देते हुए नियमित निगरानी सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल, पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात, अपर समाहर्ता मुकेश कुमार सिंहा, उप विकास आयुक्त डॉ. प्रदीप कुमार सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी एवं गैस एजेंसियों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## हरसिद्धि प्रमुख के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव, 17 समिति सदस्यों ने बीडीओ को सौंपा आवेदन

बीएनएम @ मोतिहारी/हरसिद्धि @ त्रिभुवन कुमार

**मोतिहारी/हरसिद्धि**। हरसिद्धि प्रखंड की राजनीति में उस समय हलचल तेज हो गई, जब प्रखंड प्रमुख जानकी देवी के खिलाफ पंचायत समिति के 17 सदस्यों ने अविश्वास प्रस्ताव लाते हुए बीडीओ को हस्ताक्षरयुक्त आवेदन सौंप दिया। इस घटनाक्रम के बाद प्रखंड की सियासत गरमा गई है और राजनीतिक चर्चाओं का दौर तेज हो गया है। बताया जाता है कि समिति सदस्यों ने प्रमुख की कार्यशैली और निर्णयों को लेकर असंतोष जताते हुए यह कदम उठाया है। सभी 17 सदस्यों के हस्ताक्षर वाला आवेदन प्रखंड विकास पदाधिकारी गुलशन कुमार को सौंपा गया है। बीडीओ ने आवेदन प्राप्त होने की पुष्टि करते हुए कहा कि नियमानुसार आगे की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। वहीं प्रमुख जानकी देवी ने इस पूरे मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि अविश्वास प्रस्ताव से जुड़ा मामला पहले से ही हाई कोर्ट में लंबित है। ऐसे में न्यायालय में मामला विचाराधीन रहने के दौरान नया अविश्वास प्रस्ताव लाया जाना संभव नहीं है। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें इस संबंध में अभी तक औपचारिक रूप से कोई सूचना नहीं मिली है। इस घटनाक्रम के बाद हरसिद्धि की राजनीति में सरगर्मी और बढ़ गई है। अब सबकी नजर प्रशासन की अगली कार्रवाई पर टिकी है। यदि आवेदन वैधानिक रूप से सही पाया गया, तो पंचायत समिति की विशेष बैठक बुलाकर बहुमत परीक्षण कराया जा सकता है। आने वाले दिनों में यह मुद्दा प्रखंड की राजनीति का केंद्र बिंदु बना रह सकता है।

## चम्पारण के एकमात्र मान्यता प्राप्त नर्सिंग कॉलेज को बिहार सरकार द्वारा प्रशस्ति पत्र, सचिव यमुना सीकरीया सम्मानित

बीएनएम @ मोतिहारी



**मोतिहारी**। बिहार सरकार के स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म नर्सिंग कार्यक्रम के गरिमामय अवसर पर जिला के मनोरमा देवी सीकरीया ए.एन.एम. ट्रेनिंग स्कूल, चम्पारण को उत्कृष्ट शैक्षणिक योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। यह सम्मान संस्था को भारतीय नर्सिंग परिषद, भारत सरकार से प्राप्त मान्यता के आधार पर प्रदान किया गया, जो इसे चम्पारण क्षेत्र का एकमात्र मान्यता प्राप्त नर्सिंग कॉलेज बनाता है।संस्था के सचिव एवं प्रख्यात शिक्षाविद् यमुना सीकरीया ने इस अवसर पर अपने उद्गार व्यक्त करते हुए कहा कि, "हमारा महाविद्यालय पिछले 15 वर्षों से भारतीय नर्सिंग परिषद, भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त है, जो न केवल हमारी शैक्षणिक गुणवत्ता का प्रमाण है, बल्कि क्षेत्र में स्वास्थ्य शिक्षा के विकास हेतु हमारी प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है। यह सम्मान सम्पूर्ण संस्था परिवार के समर्पण और सतत प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने बिहार सरकार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय एवं स्वास्थ्य विभाग के समस्त अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके दूरदर्शी नेतृत्व में बिहार स्वास्थ्य शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता, नवाचार एवं उत्कृष्टता के नए आयाम स्थापित कर रहा है और निकट भविष्य में देश के अग्रणी राज्यों में अपनी विशिष्ट पहचान बनाएगा। इस गौरवपूर्ण अवसर पर संस्थान के शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राओं में उत्साह एवं हर्ष का वातावरण व्याप्त रहा। यह उपलब्धि न केवल संस्थान, बल्कि सम्पूर्ण चम्पारण क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है।

## घोड़ासहन के प्रधान शिक्षक रामनिवास कुमार हुए सम्मानित, शैक्षिक नवाचार से बढ़ाया जिले का मान

बीएनएम @ मोतिहारी



**मोतिहारी**। बिहार दिवस 2026 के अवसर पर पटना के गांधी मैदान में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम 'निपुण बिहार मिशन' में पूर्वी चंपारण जिला का प्रतिनिधित्व करने के लिए घोड़ासहन प्रखंड अंतर्गत एनपीएस जोड़ापाकड़ बगही भेलवा के प्रधान शिक्षक रामनिवास कुमार का चयन किया गया। यह चयन उनके उत्कृष्ट शैक्षिक नवाचारों के प्रदर्शन के आधार पर किया गया। 'अप्पन बिहार, निपुण बिहार' थीम के अंतर्गत आयोजित प्रदर्शनी में टीएलएम मेला 3.0 के दौरान रामनिवास कुमार द्वारा तैयार शिक्षण-अधिगम सामग्री को प्रमुखता से प्रदर्शित किया गया। उन्होंने अपने स्वनिर्मित टीएलएम और पपेट के माध्यम से बच्चों को रोचक ढंग से पढ़ाने की विधि प्रस्तुत की, जिसे उपस्थित लोगों ने खूब सराहा। 'खेल गतिविधि आधारित शिक्षा' के तहत 'डमरू' और 'जमूरे' की प्रस्तुति विशेष आकर्षण का केंद्र रही। उनकी अनोखी शिक्षण शैली ने उन्हें बिहार के चर्चित नवाचारी शिक्षकों की सूची में शामिल कर दिया है। इस उपलब्धि पर घोड़ासहन एवं पूर्वी चंपारण के शिक्षकों और शिक्षा पदाधिकारियों ने गर्व व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी आदित्य कुमार सिंह, एमडीएम बीआरपी जाकिर हुसैन, लेखापाल राजीव गिरी सहित कई शिक्षकों एवं शिक्षा कर्मियों ने रामनिवास कुमार को अंगवस्त्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया और शुभकामनाएं दीं। वहीं प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी आदित्य कुमार सिंह ने कहा कि राज्य स्तर के मंच पर अपने टीएलएम का प्रदर्शन करना एक बड़ी उपलब्धि है। यह न केवल उनकी प्रतिभा का परिचायक है, बल्कि अन्य शिक्षकों के लिए प्रेरणा का स्रोत भी है। उन्होंने इसे शैक्षिक संवाद और नवाचार के आदान-प्रदान की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

## संक्षिप्त समाचार

### रक्सौल में नशीले इंजेक्शन की बड़ी खेप बरामद, नेपाल के दो तस्कर गिरफ्तार

**बीएनएम @ मोतिहारी/रक्सौल।** जिले में नशीली दवाइयों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत रक्सौल थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। गुप्त सूचना के आधार पर कौरिहार चौक पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने एक मोटरसाइकिल से ले जाए जा रहे प्रतिबंधित नशीले इंजेक्शनों की बड़ी खेप बरामद की और एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान हेमनारायण महतो, पिता जंगी महतो, निवासी धर्मनगर, थाना कलया, जिला नेपाल के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके पास से प्रमेथाज़ीन हाइड्रोक्लोराइड, डाइजेपाम और बुप्रेनॉर्फिन के कुल 2250 पीस इंजेक्शन बरामद किए हैं। पुलिस पूछताछ में मिली जानकारी के आधार पर टीम ने आगे कार्रवाई करते हुए सुगौली हरिजन टोला बाजार स्थित एक किराये के मकान में छापेमारी की। वहां से अबजल मियाँ उर्फ सालू, पिता लालबाबू मियाँ, निवासी हथौड़ा, जिला मकनपुर (नेपाल) को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से 35 पीस नशीले इंजेक्शन और बरामद हुए। पुलिस अधिकारियों के अनुसार बरामद इंजेक्शन नशे के कारोबार में इस्तेमाल किए जाते हैं। सीमा क्षेत्र होने के कारण नेपाल कनेक्शन की भी गंभीरता से जांच की जा रही है। यह पता लगाया जा रहा है कि यह खेप कहां से लाई गई थी और किन इलाकों में सप्लाई की जानी थी।

### हत्या और लूट कांड के फरार आरोपियों के घर चिपका इश्तिहार, नहीं पहुंचे तो होगी कुर्की

**बीएनएम @ मोतिहारी।** कल्याणपुर थाना पुलिस ने हत्या और लूट कांड के लंबे समय से फरार चल रहे अभियुक्तों के खिलाफ न्यायालय के आदेश पर इश्तिहार तामिला की कार्रवाई की। पुलिस टीम ने दोनों आरोपियों के घर पहुंचकर विधिवत इश्तिहार चिपकाया और निर्धारित समय के भीतर कोर्ट में हाजिर होने की चेतावनी दी। पुलिस के अनुसार कल्याणपुर थाना कांड संख्या 97/19 के हत्या मामले में नामजद अभियुक्त गुड्डु कुमार उर्फ उदय कुमार, पिता शत्रुध्न पटेल, निवासी दूसरवाना, थाना देवरिया, जिला मुजफ्फरपुर के घर पर इश्तिहार चिपकाया गया। वहीं कांड संख्या 251/16 के लूट मामले में फरार अभियुक्त विनय सहनी, पिता चुल्हाई साहनी, निवासी चकबाजो, थाना सरैया, जिला मुजफ्फरपुर के घर भी पुलिस ने यही कार्रवाई की। थानाध्यक्ष ने बताया कि दोनों अभियुक्त लंबे समय से फरार चल रहे हैं और गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार ठिकाना बदल रहे हैं। न्यायालय के आदेश के बाद यह कार्रवाई की गई है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित समय सीमा के भीतर दोनों अभियुक्त न्यायालय में उपस्थित नहीं होते हैं, तो उनके खिलाफ कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए आगे की कानूनी प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है।

### ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों पर सख्ती, जिले में 1.55 करोड़ का जुर्माना

**बीएनएम @ मोतिहारी।** सड़क सुरक्षा को लेकर जिले में चलाए गए विशेष वाहन जांच एवं शमन अभियान के तहत पुलिस और परिवहन विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 1.55 करोड़ रुपये का जुर्माना वसूला है। अभियान का उद्देश्य यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित करना और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना था। जिले के प्रमुख चौक-चौराहों, बाजार क्षेत्रों और राष्ट्रीय राजमार्गों पर सघन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, ओवरलोडिंग, तेज रफ्तार, गलत दिशा में वाहन चलाने, कागजातों की कमी तथा नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने के मामलों में चालान काटे गए। कई वाहन चालक बिना वैध ड्राइविंग लाइसेंस, फिटनेस और अन्य आवश्यक दस्तावेजों के वाहन चलाते पाए गए, जिन पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना है, ताकि दुर्घटनाओं को रोका जा सके। लगातार बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए जिले में यह विशेष अभियान चलाया जा रहा है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आने वाले दिनों में भी यह अभियान लगातार जारी रहेगा। लोगों से हेलमेट, सीट बेल्ट और अन्य सुरक्षा मानकों का पालन करने की अपील की गई है। अधिकारियों ने कहा कि नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ आगे भी इसी तरह सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### स्कॉर्पियो से 480 पीस अंग्रेजी शराब बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार

**बीएनएम @ मोतिहारी।** जिले में अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत भोपतपुर थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। गुप्त सूचना के आधार पर नायका टोला स्थित टॉवर के पास छापेमारी कर एक स्कॉर्पियो वाहन से 480 पीस अंग्रेजी शराब बरामद की गई। बरामद शराब की कुल मात्रा 86.4 लीटर बताई गई है। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने मौके से दो शराब कारोबारियों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान चुटून भगत, पिता विनोद भगत, निवासी पुरानी डीह तथा राहुल कुमार, पिता बनारस यादव, निवासी बझीया खुर्द, दोनों थाना भोपतपुर, जिला पूर्वी चंपारण के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी चुटून भगत का आपराधिक इतिहास भी रहा है। उसके खिलाफ भोपतपुर थाना में उत्पाद अधिनियम और पुलिस पर हमला से जुड़े कई मामले पहले से दर्ज हैं। इनमें कांड संख्या 52/25, 61/25, 49/23 (उत्पाद अधिनियम) तथा कांड संख्या 143/22 (पुलिस हमला) शामिल हैं। थानाध्यक्ष ने बताया कि बरामद स्कॉर्पियो को जब्त कर लिया गया है और यह जांच की जा रही है कि शराब की खेप कहां से लाई जा रही थी और इसे कहां खपाने की तैयारी थी। पुलिस इस नेटवर्क से जुड़े अन्य तस्करों की भी तलाश में जुटी है।

### आज छपरा में उपमुख्यमंत्री सुनेंगे जनसमस्याएं

**बीएनएम @ पटना,** छपरा के भिखारी ठाकुर प्रेक्षागृह में 2 अप्रैल 2026 को 'भूमि सुधार जन कल्याण संवाद' का आयोजन किया जाएगा। उपमुख्यमंत्री सह राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में होने वाले इस कार्यक्रम में जमीन संबंधी समस्याओं का मौके पर समाधान होगा। सारण जिले के प्रत्येक अंचल के लिए अलग-अलग पंजीकरण काउंटर बनाए जाएंगे, जहाँ सुबह 9:00 से 10:30 बजे तक दाखिल-खारिज, परिमार्जन, मापी और अतिक्रमण जैसे मामलों का पंजीकरण होगा।दोपहर 2:30 बजे तक उपमुख्यमंत्री जनता की समस्याएं सुनेंगे और आवेदकों को मोबाइल संदेश के जरिए प्रगति की जानकारी दी जाएगी। इसके बाद राजस्व अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक होगी, जिसमें लंबित मामलों, 'अभियान बसेरा 2' और भूमि सर्वे कार्यों की प्रगति जांची जाएगी। विजय कुमार सिन्हा ने बताया कि विभाग को पूरी तरह ऑनलाइन कर पारदर्शिता लाई गई है। तकनीकी जानकारी के अभाव वाले लोग अंचलों में स्थित कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) की मदद ले सकते हैं।

### प्रभारी सचिव ने की अनिवार्य सेवाओं की समीक्षा

**बीएनएम @ बेतिया।** पश्चिम चम्पारण के प्रभारी सचिव एच. आर. श्रीनिवास की अध्यक्षता में आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में जिले की अनिवार्य सेवाओं की गहन समीक्षा की गई। जिलाधिकारी तरनजोत सिंह ने आश्वस्त किया कि जिले में खाद्यान्न, ईंधन और एलपीजी की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है। वर्तमान में 24,641 सिलेंडरों का स्टॉक उपलब्ध है और प्रतिदिन लगभग 11 हजार सिलेंडरों की आपूर्ति की जा रही है। प्रभारी सचिव ने गैस वितरण में पारदर्शिता सुनिश्चित करने, बैकलॉग समाप्त करने और कालाबाजारी करने वालों पर सीधे एफआईआर दर्ज करने के सख्त निर्देश दिए हैं। अब तक प्रशासन ने 481 स्थानों पर छापेमारी कर 9 एफआईआर दर्ज की हैं। आमजन किसी भी समस्या या शिकायत के लिए जिला कंट्रोल रूम के नंबरों 06254-247002 एवं 247003 पर संपर्क कर सकते हैं।

# अरेराज के छात्रों ने मैट्रिक-इंटर परीक्षा में लहराया परचम, भव्य सम्मान समारोह आयोजित

बीएनएम @ अरेराज





**अरेराजः-** स्थानीय सोमेश्वर कॉलोनी स्थित क्षेत्र के प्रतिष्ठित और अग्रणी शिक्षण संस्थान 'शारदा आर्ट्स कोचिंग संस्थान' में मैट्रिक और इंटरमीडिएट परीक्षा 2026 के परीक्षाफल में विद्यार्थियों के ऐतिहासिक और अभूतपूर्व प्रदर्शन के उपलक्ष्य में एक भव्य 'प्रतिभा अलंकरण एवं सम्मान समारोह' का आयोजन किया गया। इस गरिमामयी कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रखर शिक्षाविद डॉ. राहुल कुमार एवं अजय पाण्डेय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। अपने ओजस्वी और सारगर्भित संबोधन में मुख्य अतिथि डॉ. राहुल कुमार ने सफल विद्यार्थियों की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए कहा कि, "प्रतिभा किसी परिचय की मोहताज नहीं होती और परिश्रम कभी निष्फल नहीं जाता।" उन्होंने विशेष बल देते हुए कहा कि ग्रामीण परिवेश के इन छात्र-छात्राओं ने अपनी मेधा, अटूट धैर्य और संकल्प की शक्ति से यह सिद्ध कर दिया है कि यदि लक्ष्य के प्रति अडिग समर्पण हो, तो सफलता के सर्वोच्च शिखर पर पहुँचना सुगम हो जाता है। डॉ. राहुल ने विद्यार्थियों को भविष्य की वैश्विक चुनौतियों के लिए तैयार रहने और राष्ट्र निर्माण में अपनी बौद्धिक क्षमता का योगदान देने हेतु प्रेरित करते हुए संस्थान के उत्कृष्ट शैक्षणिक परिवेश की भूरि-भूरि सराहना की। समारोह के दौरान संस्थान की संचालिका श्वेता पाण्डेय (PG) और कुशल व्यवस्थापक पंडित जी सर (M.A) ने मुख्य अतिथियों का अंगवस्त्र और पुष्पगुच्छ भेंट कर भव्य अभिनंदन किया। संस्थान के मैट्रिक और इंटरमीडिएट के परीक्षार्थियों ने इस वर्ष अपनी श्रेष्ठता का परचम लहराते हुए स्वर्णिम अध्याय लिखा है, जिसमें आर्यन राज ने 469 अंक और कृष्णकांत सोनी ने 452 अंक अर्जित कर पूरे अनुमंडल को गौरवान्वित किया है। इनके साथ ही साहेब कुमार (449), सारिका कुमारी (436), आदिती (401), पलक (400), आरती (394), तान्या (391) और अस्मिता (391) ने अपनी विलक्षण प्रतिभा का लोहा मनवाया है। सफलता की इस अविराम श्रृंखला में सिमरन, श्रेया, पायल, मुस्कान, अनामिका, अभिमन्यु, विनय, चंदन और दीक्षा सहित दर्जनों छात्र-छात्राओं ने श्रेष्ठ अंक प्राप्त कर संस्थान की प्रतिष्ठा को नई ऊँचाइयों पर अधिष्ठित किया है। अतिथियों के कर-कमलों द्वारा सभी मेधावी छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर अलंकृत किया गया, जिसे पाकर विद्यार्थियों के मुखमंडल हर्ष से प्रदीप्त हो उठे और उपस्थित अभिभावकों की आँखें गर्व और संतोष से सजल हो गईं। कार्यक्रम के समापन पर व्यवस्थापक पंडित जी सर ने सभी आगत अतिथियों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए संकल्प दोहराया कि संस्थान सदैव अनुशासित मार्गदर्शन, उच्च नैतिक मूल्यों और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के माध्यम से सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित करने हेतु संकल्पित रहेगा। इस भव्य आयोजन ने न केवल सफल छात्रों का उत्साहवर्धन किया, बल्कि उपस्थित अन्य नवागत विद्यार्थियों के हृदय में भी श्रेष्ठ लक्ष्य प्राप्ति हेतु एक अभिनव ऊर्जा और दृढ़ निश्चय का संचार किया।

## विश्व शांति के लिए रक्सौल में अष्टयाम यज्ञ, उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

बीएनएम @ रक्सौल



**रक्सौल।** विश्व शांति और मानव कल्याण के उद्देश्य से शहर के तुमरिया टोला वार्ड संख्या-2 में सामूहिक रूप से भक्तिमय वातावरण में अष्टयाम यज्ञ का आयोजन किया गया। समाज के गण्यमान्य लोगों के सहयोग से आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान को लेकर पूरे क्षेत्र में श्रद्धा और उत्साह का माहौल है। बाहर से आई 'जय मां दुर्गा जागरण एवं संकीर्तन' की 30 सदस्यीय मंडली ने दुर्गा देवी के नेतृत्व में "हरे कृष्णा हरे राम" भजन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की, जिससे पूरा इलाका भक्ति रस में डूब गया। पुजारी अखिलेश्वर मिश्रा ने यजमान राजू श्रीवास्तव दम्पति को वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजा-अर्चना, हवन और अखंड दीप प्रज्वलन कराया। इसके बाद भजन-कीर्तन का क्रम शुरू हुआ, जिसमें आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिला-पुरुष शामिल हुए। श्रद्धालुओं ने पूरे श्रद्धा भाव से पूजा में भाग लेकर भक्ति गीतों का आनंद उठाया। पूजा समिति द्वारा अष्टयाम स्थल पर भव्य पंडाल का निर्माण कराया गया है, जिसे रंग-बिरंगी इलेक्ट्रिकल झालरों से आकर्षक रूप दिया गया है। समिति के अध्यक्ष लालाबाबू प्रसाद श्रीवास्तव, सुबोध कुमार सिंह और अनिल श्रीवास्तव ने बताया कि वर्तमान समय में समाज विभिन्न संकटों से गुजर रहा है। ऐसे दौर में अध्यात्म से जुड़ाव ही मानसिक शांति और मानव कल्याण का मार्ग है। इसी उद्देश्य से 24 घंटे तक चलने वाले इस अष्टयाम यज्ञ का आयोजन किया गया है। मौके पर समिति सदस्य और बड़ी संख्या में स्थानीय श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## मैट्रिक और इंटर के मेधावी छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

» चार दर्जन से अधिक छात्र हुए सम्मानित

बीएनएम @ बगहा



**बगहा** एक प्रखंड के परसा बनचहरी पंचायत अंतर्गत तेलिया टोला गांव में शिक्षा और प्रतिभा के सम्मान का एक भव्य नजारा देखने को मिला। काली माई स्थान परिसर में आयोजित एक विशेष सम्मान समारोह में मैट्रिक और इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इंजीनियर विवेक कुमार द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में पूर्व विधायक प्रभात रंजन सिंह, मुखिया प्रतिनिधि संजय प्रसाद साह, उप मुखिया अमरेश कुमार और जदयू नेता जनमेजय पटेल सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने शिरकत की।समारोह के दौरान क्षेत्र की होनहार बेटियों और बच्चों को उनकी शानदार सफलता के लिए अंग वस्त्र, कॉपियां, कलम और मेडल प्रदान किए गए। इस आयोजन की मुख्य आकर्षण ज्योति कुमारी रहीं, जिन्होंने अपनी मेधा से सभी को प्रभावित किया। उनके साथ ही श्वेता कुमारी, कविता कुमारी, अस्मिता खातून, पुष्पा कुमारी, अमित साह, रंजन कुमार, चुलबुल साह और गोलू कुमार समेत चार दर्जन से अधिक मेधावी विद्यार्थियों को मंच पर सम्मानित किया गया।पूर्व विधायक प्रभात रंजन सिंह ने सफल छात्र-छात्राओं को मिठाई खिलाकर बधाई दी और कहा कि इन बच्चों की कड़ी मेहनत, लगन और आत्मविश्वास ही उनकी सफलता का मूल मंत्र है। उन्होंने विशेष रूप से बेटियों की सफलता की सराहना करते हुए कहा कि सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों से निकलकर ऐसी उपलब्धि हासिल करना पूरे जिले के लिए गर्व की बात है। मुखिया और उप मुखिया ने भी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। इस अवसर पर कमलेश साह, ओमप्रकाश साह, रोहित पटेल और अखिलेश्वर सिंह जैसे कई समाजसेवी और ग्रामीण मौजूद रहे, जिन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

## पूर्व विधायक राजन तिवारी ने किया अत्याधुनिक जिम का उद्घाटन, युवाओं को दी फिटनेस की सौगात

बीएनएम @ अरेराज




**अरेराज।** नगर पंचायत परिसर में स्वास्थ्य और फिटनेस को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए अत्याधुनिक जिम का भव्य उद्घाटन किया गया। इस जिम का शुभारंभ पूर्व विधायक राजन तिवारी एवं नगर अध्यक्ष रंटू पांडेय ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया और इसे आम जनता को समर्पित किया। उद्घाटन के अवसर पर पूर्व विधायक राजन तिवारी ने कहा कि आज के दौर में फिटनेस सिर्फ एक विकल्प नहीं, बल्कि आवश्यकता बन चुकी है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे इस सुविधा का अधिकतम लाभ उठाकर खुद को शारीरिक रूप से मजबूत और स्वस्थ बनाएं। वहीं नगर अध्यक्ष रंटू पांडेय ने बताया कि जिम को आधुनिक संसाधनों से सुसज्जित किया गया है, ताकि लोगों को बेहतर ट्रेनिंग और सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि जिम के संचालन की जिम्मेदारी अनुभवी प्रशिक्षक बंटी तिवारी को सौंपी गई है, जिन्हें पंजाब के अमृतसर में लंबे समय तक जिम संचालन का अनुभव प्राप्त है। उनके मार्गदर्शन में युवाओं को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण मिलने की उम्मीद है। इस अवसर पर उप मुख्य पार्षद अहमद अली आजाद समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में झुना पांडेय, रामायण प्रसाद, दीपक शर्मा, अवनीश गुप्ता, हरिनन्दन राम, मनु मिश्रा, अमित पांडेय, पुतुल सिंह और नितेश तिवारी की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को और विशेष बना दिया। इस जिम के शुरू होने से अब अरेराज के युवाओं को अपने ही शहर में विश्वस्तरीय फिटनेस सुविधाएं उपलब्ध होंगी, जिससे खेल और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता को नया बल मिलेगा।

### हरसिद्धि में चोरी की बाइक बरामद, आरोपी गिरफ्तार

बीएनएम @ हरसिद्धि

**हरसिद्धि।** थाना क्षेत्र में चलाए जा रहे सघन वाहन जांच अभियान के दौरान पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। मटियरिया पंचायत क्षेत्र में जांच के क्रम में पुलिस ने चोरी की एक बाइक बरामद करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपी की पहचान मटियरिया पंचायत निवासी चंदन कुमार, पिता अर्जुन यादव के रूप में हुई है। उसके कब्जे से बरामद बाइक सुपर स्प्लेंडर, रजिस्ट्रेशन संख्या BR 22 AE 4531 बताई जा रही है। प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष ऋषभ कुमार ने बरामदगी की पुष्टि करते हुए बताया कि सघन वाहन जांच अभियान के तहत पीएसआई सिराज अहमद एवं पुलिस बल द्वारा मटियरिया में वाहनों की जांच की जा रही थी। इसी दौरान संदिग्ध स्थिति में बाइक के साथ आरोपी को पकड़ा गया। पूछताछ में बाइक चोरी की होने की बात सामने आई। पुलिस ने बाइक जब्त कर ली है तथा आरोपी से पूछताछ के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### 15 लीटर देसी शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार

बीएनएम @ हरसिद्धि

**हरसिद्धि।** थाना क्षेत्र के बैरिया डीह पंचायत अंतर्गत धवही ननकर वार्ड संख्या 4 में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर प्रतिबंधित देसी चुलाई शराब के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से करीब 15 लीटर देसी शराब बरामद की। गिरफ्तार कारोबारी की पहचान धवही ननकर निवासी रूपेश कुमार, पिता अशोक पटेल के रूप में हुई है। प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष ऋषभ कुमार ने कार्रवाई की पुष्टि करते हुए बताया कि गुप्त सूचना मिलने के बाद एसआई प्रीतम कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर छापेमारी की गई। अभियान में अन्य पुलिसकर्मी भी शामिल रहे। छापेमारी के दौरान आरोपी को शराब के साथ रंगे हाथ पकड़ा गया। पुलिस ने बरामद शराब को जब्त कर आरोपी से पूछताछ की, जिसके बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेजते हुए जेल भेज दिया गया। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

### बड़ी वारदात की फिराक में था अपराधी, थावे पुलिस ने हथियार संग दबोचा

बीएनएम @ गोपालगंज

**गोपालगंज।** थावे थाना क्षेत्र में बड़ी आपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे एक अपराधी को पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर दबोच लिया। विशेष छापेमारी अभियान के दौरान गिरफ्तार आरोपी के पास से एक देसी रिवॉल्वर, तीन जिंदा कारतूस और दो मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। पुलिस अब उसके आपराधिक नेटवर्क और संभावित साथियों की तलाश में जुट गई है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, 30 मार्च 2026 की शाम थावे पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्राम धतिवना क्षेत्र में एक व्यक्ति अवैध हथियार के साथ किसी बड़ी वारदात की योजना बना रहा है। सूचना मिलते ही सदर-01 एसडीपीओ और थानाध्यक्ष थावे के नेतृत्व में टीम गठित कर त्वरित छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान दुर्गा मंदिर के पास से सुमित कुमार सिंह उर्फ श्रीराम सिंह को गिरफ्तार किया गया। तलाशी में उसके पास से दो मोबाइल फोन मिले। पूछताछ के बाद उसकी निशानदेही पर बाइक संख्या BR28AE-6488 से एक देसी रिवॉल्वर और तीन जिंदा कारतूस बरामद किए गए। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थावे थाना कांड संख्या 80/26 दर्ज करते हुए आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। अधिकारियों के मुताबिक आरोपी का पहले से भी लंबा आपराधिक इतिहास रहा है और कई थानों में उसके खिलाफ मामले दर्ज हैं। पुलिस अब बरामद हथियार के स्रोत, उसके गिरोह और किसी संभावित बड़ी साजिश के एंगल से जांच कर रही है। घटना के बाद इलाके में पुलिस की सतर्कता बढ़ा दी गई है, जबकि फिलहाल विधि-व्यवस्था सामान्य बताई जा रही है।

## पताही में महिला सिपाही से बदसलूकी, दरोगा और मुंशी निलंबित

बीएनएम @ पताही



**पताही।** पुलिस विभाग की साख को झटका देने वाला एक गंभीर मामला पताही थाना से सामने आया है। थाना में तैनात दरोगा सुदामा सिंह और मुंशी संतोष कुमार पर एक महिला सिपाही से छेड़छाड़ और अभद्र व्यवहार का आरोप लगा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी स्वर्ण प्रभात ने दोनों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। बताया जाता है कि पीड़ित महिला सिपाही ने साहस दिखाते हुए वरीय अधिकारियों से लिखित शिकायत की। शिकायत मिलते ही एसपी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच की जिम्मेदारी पकड़ीदयाल डीएसपी को सौंपी। डीएसपी की प्रारंभिक जांच में दोनों पुलिसकर्मियों की भूमिका संदिग्ध पाई गई और आरोप प्रथम दृष्टया सही प्रतीत हुए। रिपोर्ट मिलते ही एसपी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों को सस्पेंड कर दिया। सूत्रों के अनुसार, यह शर्मनाक घटना थाना परिसर के अंदर ही हुई। जिस स्थान पर कानून और सुरक्षा की जिम्मेदारी निभाई जाती है, वहीं इस तरह की घटना ने पूरे सिस्टम पर सवाल खड़े कर दिए हैं। घटना के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मचा हुआ है और अधिकारी पूरे मामले पर नजर बनाए हुए हैं। एसपी स्वर्ण प्रभात ने स्पष्ट संदेश दिया है कि वर्दी की आड़ में किसी भी प्रकार की अनुशासनहीनता, महिला कर्मियों के सम्मान से खिलवाड़ या आपत्तिजनक हरकत किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। दोषी चाहे किसी भी पद पर हो, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। फिलहाल मामले की विस्तृत जांच जारी है। विभागीय कार्रवाई के साथ-साथ कानूनी पहलुओं पर भी गंभीरता से विचार किया जा रहा है। पूरे जिले में यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है।

## हर क्षेत्र में निर्यात गिरा

इंजीनियरिंग और इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों को छोड़ दें, तो बाकी लगभग हर क्षेत्र में निर्यात गिरा है। ऐसे में उत्पादन संबंधी हालात का गंभीर होना लाजिमी है। फरवरी में युवा बेरोजगारी की दर चार महीने के सबसे ऊपरी स्तर पर पहुंच गई।

फरवरी में भारत का व्यापार घाटा पिछले वर्ष के इसी महीने की तुलना में लगभग दो गुना हो गया। जनवरी से तुलना करें, तो व्यापार घाटे में लगभग सात बिलियन डॉलर गिरावट आई, मगर ऐसा निर्यात के साथ-साथ आयात में भी बड़ी गिरावट के कारण हुआ। जिन देशों में भारतीय वस्तुओं की मांग गिरी, उनमें अमेरिका भी है। यानी रूसी तेल आयात संबंधी टैरिफ हटाने और तथाकथित जैसे को तैसा आयात शुल्क 25 से 18 प्रतिशत करने के ट्रंप प्रशासन के फैसले से भारतीय कारोबार को कोई राहत नहीं मिली। ऐसा संभवतः इसलिए हुआ कि अन्य देशों को मिली राहत ने उनके उत्पादों को भारतीय वस्तुओं की तुलना में अधिक सस्ता बना दिया है। तो जनवरी की तुलना में फरवरी में अमेरिका के लिए भारतीय निर्यात 12.9 प्रतिशत गिर गया। दरअसल, चीन को छोड़कर तमाम महत्त्वपूर्ण बाजारों के लिए भारतीय निर्यात में गिरावट आई। सिर्फ चीन के लिए भारतीय निर्यात 32.4 प्रतिशत बढ़ा, मगर वहां से आयात भी 30.5 फीसदी बढ़ गया। इस तरह चीन से पहले जारी भारी व्यापार घाटे को पाटने में ज्यादा मदद नहीं मिली। पिछले अप्रैल से इस वर्ष फरवरी तक चीन से व्यापार घाटा 102 बिलियन डॉलर तक पहुंच चुका है, जबकि इसके पहले के वित्त वर्ष की इसी अवधि में यह 99 बिलियन डॉलर था। तो कुल मिलाकर विदेश व्यापार में भारत की चिंता बढ़ती जा रही है। इंजीनियरिंग और इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों को छोड़ दें, तो बाकी लगभग हर क्षेत्र में निर्यात गिर रहा है। स्विट्जरलैंड, यूएई आदि जैसे जिन देशों से मुक्त व्यापार समझौते हुए हैं, उनसे व्यापार घाटा और बढ़ा है। ऐसे में देश के अंदर उत्पादन की स्थितियों का गंभीर होना लाजिमी है। फरवरी में युवा बेरोजगारी की दर चार महीने के सबसे ऊपरी स्तर पर पहुंच गई, जबकि सरकारी परिभाषा में जिस युवा को हफ्ते में घंटे भर का भी काम मिल जाए, उसे बेरोजगार नहीं माना जाता। ऐसे में असल बेरोजगारी का अंदाजा लगाया जा सकता है। दरअसल, ज्यादातर हालिया आर्थिक आंकड़े बढ़ रही मुसीबत का संकेत दे रहे हैं। ये आंकड़े गुलाबी सूरत के सरकारी कथानक में लगातार छिद्र कर रहे हैं।

# महिलाओं का अंधविश्वासी होना भी उनके यौन शोषण का बड़ा कारण

**निर्मल रानी**

महिलाओं को देवियां कहकर संबोधित करने व देवियों की पूजा करने वाले हमारे देश में आये दिन महिलाओं के यौन शोषण की नई से नई व घिनौनी से घिनौनी ख़बरें सामने आती रहती हैं। वैसे तो राजनीति,निजी व सरकारी सेवा क्षेत्र,शैक्षणिक संस्थान आदि सभी क्षेत्रों में महिलाओं के यौन शोषण की ख़बरें सुनाई देती हैं परन्तु बड़े ही दुःख व शर्म की बात यह है कि महिलाओं का सबसे अधिक शोषण उनके अन्धविश्वास के चलते या उनकी धर्मान्धता के कारण होता है। देश के अनेक बड़े से बड़े स्वयंभू धर्मगुरु जो ईश्वरीय अवतार होने तक का दावा किया करते थे, महिलाओं के यौन शोषण यहाँ तक कि बलात्कार व हत्या जैसे मामलों में जेल की सज़ा काट चुके हैं और कई अब भी जेलों में हैं परन्तु आश्चर्य यह है कि उनके काले कारनामों से पर्दा हटने के बावजूद ऐसे दुराचारी स्वयंभू धर्मगुरुओं के अनुयायियों ख़ासकर महिला अनुयायियों में कोई कमी नहीं देखी जा रही है। बल्कि उनके प्रति अंधआस्था रखने वाले लोग यह कहते सुने जाते हैं कि उनके गुरु जी को जबरन फंसाया गया है। शायद यही वजह है कि हमारे देश में आये दिन इस तरह के नित नये मामले सामने आते रहते हैं।

पिछले दिनों ऐसा ही हैरान करने वाला एक मामला महाराष्ट्र के नासिक से सामने आया। यहाँ कैप्टन अशोक खरात उर्फ़ अशोक कुमार उर्फ़ एकनाथ खरात नाम से प्रसिद्ध एक ज्योतिषी की हैरान कर देने वाली काली करतूत उजागर हुई। इस व्यक्ति का नासिक के कनाडा कॉर्नर क्षेत्र में ओकस प्रॉपर्टी डीलर्स एंड डेवलपर्स नाम से एक कार्यालय था जो ज्योतिष के केंद्र के रूप में प्रसिद्ध था । उसके क़रीब ही सिन्नर में उसका एक विशाल फ़ार्म हाउस था जिसमें उसने ईशान्येश्वर मंदिर बना रखा था। वह एक ट्रस्ट बनाकर इस व्यवस्था को स्वयं संचालित करता था। वह ख़ुद ही ट्रस्ट का प्रमुख था। उसके पास और भी अनेक संपत्तियां थीं। खरात के नेताओं, अधिकारियों, सेलिब्रिटी और व्यापारियों से भी गहरे संबंध थे। इस 67 वर्षीय पूर्व मर्चेंट नेवी कर्मचारी जो कि स्वयं को कैप्टन बताता था उसने ज्योतिष और आध्यात्मिक शक्तियों के नाम पर अनेक महिलाओं को अपने जाल में फंसाया हुआ था । वह स्वयं को रसूख़दार व शक्तिशाली ज्योतिषी व आध्यात्मिक गुरु बताता था। यहां तक कि भगवान शिव का अवतार होने का दावा भी किया करता था। यह व्यक्ति संपन्न ऊंचे रसूख़ वाली उच्च पदों पर आसीन महिलाओं व उच्च पदों पर विराजमान लोगों की पत्नियों को उनके व्यक्तिगत , पारिवारिक, वैवाहिक या फिर भविष्य व कैरियर संबंधी समस्याओं का समाधान बताने के बहाने से अपने कार्यालय या अपने फ़ार्म हाउस पर बुलाया करता था। इसके बाद वह उन महिलाओं की कुंडली देखता था। फिर किसी महिला को उसके पति की मौत का ख़तरा बताता तो किसी को कोई और परिवारिक संकट बता देता। किसी को उसका भविष्य ख़राब होने की भविष्यवाणी कर देता तो किसी को गंभीर बीमारी का भय बता देता। और इसी की आड़ में वह पूजा-पाठ व अन्य धार्मिक अनुष्ठान करने की बातें किया करता था। यह स्वयंभू ज्योतिषी अपने कार्यालय या फ़ार्म हाउस के एक प्राइवेट केबिन में शुद्धिकरण या रीतियों के नाम पर अपना शिकार बनाने वाली महिलाओं को किसी पेय के माध्यम से ऐसा नशीला पदार्थ पिलाता जिससे वे बेहोश हो जातीं या फिर सम्मोहित हो जातीं। उसके बाद वह अपने कार्यालय में ही उन महिलाओं का यौन शोषण किया करता था। और वहां गुप्त रूप से लगे सी सी टी वी कैमरों से उनकी वीडियो रिकॉर्ड करता। बाद में इसी वीडियो के माध्यम से शिकार की गयी महिलाओं को डराता धमकाता। वह यह धमकी भी देता कि यदि उन्होंने किसी से इस घटना का ज़िक्र किया तो उनके पति की जान जा सकती है और उसका पूरा परिवार बर्बाद हो सकता है। वह उन महिलाओं को वीडियो वायरल करने की धमकी भी देता। और इसी के बहाने वह न केवल इन महिलाओं का बार-बार शारीरिक शोषण करता बल्कि उनसे पैसे भी ऐंठता रहता था।



बहरहाल आख़िरकार उस स्वयंभू आध्यात्मिक गुरु व स्वयंभू शिवावतार के पाप का घड़ा फूट ही गया। एक महिला ने पिछले दिनों उसकी पुलिस में शिकायत की कि तीन साल से भी अधिक समय तक उसने अपने इसी कुचक्र में उसे उलझाये रखा। जबकि अनेक महिलाएं या तो डर के मारे या अपनी बदनामी के भय से ख़ामोश रहीं। इसी महिला की शिकायत पर नासिक क्राइम ब्रांच ने पिछले दिनों उसके फ़ार्म हाउस पर छापा मारा। पुलिस को यहां से जो पेन ड्राइव मिले उसमें लगभग एक सौ के क़रीब महिलाओं की आपत्तिजनक वीडिओ प्राप्त हुई। इसके अलावा उसके ऑफ़िस और फ़ार्म हाउस से पिस्तौल, कारतूस व अनेक संदिग्ध दस्तावेज़ मिले व करोड़ों की संपत्ति का ख़ुलासा हुआ। हद तो यह है कि इस व्यक्ति ने महिलाओं के हितों की रक्षा करने वाली महाराष्ट्र महिला आयोग की एक पूर्व अध्यक्ष को भी नहीं बख़्शा।इस के साथ भी उसकी आपत्ति जनक तस्वीरें व वीडिओ वायरल हुये। अब जबकि खरात पुलिस हिरासत में है और एस आई टी मामले की जांच कर रही है ऐसे में अब और भी कई महिलाएं शिकायत दर्ज कराने के लिये सामने आ रही हैं। परन्तु कई महिलायें अभी भी भय व बदनामी के चलते ख़ामोश हैं।

ऐसे में एक बार फिर वही सवाल पैदा होता है कि देश में पाखण्डी व दुराचारी प्रवृति के अनेकानेक धर्मगुरुओं, ज्योतषियों के तमाम काले कारनामों के उजागर होने के बावजूद भी आख़िर महिलायें क्योंकर ऐसे पाखंडियों के चंगुल में फँस जाती हैं? प्रायः अशिक्षित महिलाओं को तो ऐसे कुचक्रों में फंसता हुआ देखा ही जा चुका है परन्तु इस मामले ने तो सभी को इसलिये भी हैरान कर दिया है कि खरात ने शिक्षित व उच्च पदों पर रहने वाली या रसूख़दार परिवारों की महिलाओं को ही अपने जाल में फंसाया। इससे यह साफ़ ज़ाहिर है कि अंधआस्था व अंधविश्वास केवल ग़रीब व अशिक्षित महिलाओं में ही नहीं बल्कि शिक्षित महिलायें भी इसका शिकार हैं। इसलिये यह कहना ग़लत नहीं होगा कि महिलाओं का अंधविश्वासी होना भी उनके यौन शोषण का एक बड़ा कारण है।

# डिजिटलीकरण की रफ्तार और 'डिजिटल जहर' का खतरा

**सुनील कुमार महला**

आज हमारा देश भारत तेजी से डिजिटाइजेशन की ओर अग्रसर है, और कहना ग़लत नहीं होगा कि इसमें स्मार्टफोन विशेषकर एंड्रॉयड का सबसे बड़ा योगदान है। यहां पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि वैश्विक स्तर पर जहां एंड्रॉयड उपयोगकर्ताओं की संख्या लगभग 3.9 अरब (390 करोड़) है, वहीं भारत में वर्ष 2025–2026 के अनुमान के अनुसार कुल स्मार्टफोन उपयोगकर्ताओं की संख्या लगभग 75 करोड़ (750 मिलियन) तक पहुंच चुकी है। इनमें से लगभग 89%-90% स्मार्टफोन एंड्रॉयड आधारित हैं। अर्थात सरल शब्दों में कहें तो भारत में करीब 65-70 करोड़ लोग एंड्रॉयड फोन का उपयोग कर रहे हैं।यह भी कहा जा सकता है कि आज हर 10 में से लगभग 9 लोग एंड्रॉयड फोन का इस्तेमाल कर रहे हैं। वास्तव में, हमारे देश में सस्ते डेटा प्लान, किफायती स्मार्टफोन और डिजिटल सेवाओं का विस्तार इस तेजी के प्रमुख कारण हैं।

हालांकि, इस डिजिटल क्रांति का एक चिंताजनक पहलू भी सामने आ रहा है-'डिजिटल जहर' अर्थात मोबाइल और स्क्रीन की बढ़ती लत, जो विशेष रूप से बच्चों और किशोरों के लिए गंभीर सामाजिक और स्वास्थ्य संकट बनती जा रही है। आंकड़े इस समस्या की भयावहता को स्पष्ट करते हैं। क्या यह चिंताजनक बात नहीं है कि हमारे देश में 0-5 वर्ष के बच्चे प्रतिदिन औसतन 2.2 घंटे स्क्रीन पर बिताते हैं, जो विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा निर्धारित सुरक्षित सीमा से लगभग दोगुना है। वहीं, 2 वर्ष से कम उम्र के बच्चे भी औसतन 1.2 घंटे स्क्रीन देखते हैं, जबकि उनके लिए स्क्रीन टाइम शून्य होना चाहिए।

इतना ही नहीं, यदि हम यहां पर स्कूल जाने वाले बच्चों की बात करें, तो एक अध्ययन के अनुसार 62.5% बच्चों में मध्यम से उच्च स्तर की स्क्रीन लत पाई गई है, और उनका औसत स्क्रीन टाइम लगभग 4 घंटे प्रतिदिन है। एक अन्य रिपोर्ट बताती है कि भारत के 74% छात्र रोजाना 2 घंटे से अधिक स्क्रीन का उपयोग करते हैं, जिनमें से 21% बच्चे 4 घंटे से भी अधिक समय मोबाइल, गेमिंग या सोशल मीडिया पर बिताते हैं। लगभग 70% माता-पिता का मानना है कि उनके बच्चे वीडियो और ओटीटी प्लेटफॉर्म्स के आदी हो चुके हैं। और भी चिंता की बात यह है कि 64% बच्चे सोशल मीडिया और गेमिंग के आदी हैं, जबकि केवल 20% बच्चों में किसी प्रकार की डिजिटल लत नहीं पाई गई है।एक उपलब्ध जानकारी के अनुसार आज के समय में भारत में लगभग 90% किशोरों के पास स्मार्टफोन की पहुंच है और 76% बच्चे मनोरंजन के लिए सोशल मीडिया का उपयोग करते हैं। आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 ने भी डिजिटल लत को बच्चों और युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य के लिए एक गंभीर खतरा बताया है, क्योंकि यह उनकी पढ़ाई, एकाग्रता और व्यवहार पर नकारात्मक प्रभाव डाल रही है।

इस डिजिटल लत के दुष्परिणाम भी स्पष्ट रूप से सामने आ रहे हैं। मसलन, ध्यान में कमी, चिड़चिड़ापन, नींद की समस्या, पढ़ाई में गिरावट, सामाजिक दूरी, अकेलापन, मानसिक तनाव और अवसाद जैसी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। यहां पाठकों को बताता चलूं कि हाल ही में राज्यसभा में भी इस मुद्दे को गंभीरता से उठाया गया, जहां यह बताया गया कि कई बच्चे प्रतिदिन 7-8 घंटे मोबाइल स्क्रीन पर बिता रहे हैं। इससे उनकी शिक्षा, सामाजिक जीवन और नींद पर गहरा नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है।विशेषज्ञों ने इस स्थिति को 'डिजिटल गुलामी' तक करार दिया है, क्योंकि बच्चे मोबाइल के बिना स्वयं को असहज महसूस करते हैं। कहना ग़लत नहीं होगा कि आज के समय में सोशल मीडिया पर लाइक्स और कमेंट्स की होड़ बच्चों में हीन भावना, तनाव और अवसाद को बढ़ा रही है, वहीं ऑनलाइन बुलिंग जैसी समस्याएं भी उनके मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर रही हैं। हाल ही में एक अमेरिकी अदालत ने भी यह माना है कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स का डिजाइन इस प्रकार बनाया जाता है कि उपयोगकर्ता बार-बार उन्हें इस्तेमाल करें, जिससे लत की प्रवृत्ति बढ़ती है। इस बढ़ती समस्या के समाधान के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव सामने आए हैं। राज्यसभा में राष्ट्रीय स्तर पर नीति बनाने, स्कूलों में 'डिजिटल हेल्थ' को पाठ्यक्रम में शामिल करने और सोशल मीडिया तथा गेमिंग कंपनियों पर सख्त नियम लागू करने की मांग की गई है। साथ ही, अभिभावकों को यह सलाह दी गई है कि वे बच्चों पर केवल प्रतिबंध लगाने के बजाय उनसे खुलकर संवाद करें, उनके साथ समय बिताएं और उन्हें खेल-कूद तथा रचनात्मक गतिविधियों की ओर प्रेरित करें।

अंततः, यह स्पष्ट है कि डिजिटल लत अब केवल एक आदत नहीं, बल्कि समाज के सामने खड़ी एक गंभीर चुनौती बन चुकी है। सोशल मीडिया और डिजिटल माध्यमों ने जहां अभिव्यक्ति और सूचना के नए द्वार खोले हैं, वहीं उनका अत्यधिक उपयोग बच्चों और किशोरों के मानसिक, शारीरिक और सामाजिक विकास को प्रभावित कर रहा है। यदि समय रहते प्रभावी और संतुलित कदम नहीं उठाए गए, तो इसका असर आने वाली पीढ़ियों पर गहरा और दीर्घकालिक होगा। इसलिए सरकार, शैक्षणिक संस्थान, अभिभावक और समाज-सभी को मिलकर जागरूकता, संतुलित उपयोग और सकारात्मक संवाद के माध्यम से इस 'डिजिटल जहर' से बच्चों और युवाओं को बचाने की दिशा में ठोस प्रयास करने होंगे।

(सुनील कुमार महला, फ्रीलांस राइटर, कॉलमिस्ट व युवा साहित्यकार, पिथौरागढ़, उत्तराखंड।)




**मेष राशिः** आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आज आपके आत्मविश्वास में बढ़ोतरी होगी। करियर को लेकर आज आप थोड़ा चिंतित हो सकते हैं , लेकिन अपनी सूझ बूझ से काम करने से आपको सफलता मिलेगी। आज आपको अपने काम को टालने से बचना चाहिए। समय से काम पूरा कर लेना बेहतर रहेगा। आप किसी पारिवारिक समारोह में जायेंगे। आपका कॉन्फिडेंस बढ़ा हुआ रहेगा। सीनियर्स आपके काम से खुश होंगे।

**वृष राशिः** आज आपका स्वभाव सकारात्मक रहेगा। मन शांत रहेगा। आज मौसम चेंज होने के कारण तबियत थोड़ी खराब हो सकती है। नियमित योग से व्यक्तित्व में निखार आएगा। इस राशि के बिजनेस मैन के लिए आज का दिन आर्थिक रूप से बढ़िया रहेगा। हो सके तो उधार के लेन-देन से आज दूर रहें। आज फीजूल की बातों पर घर के किसी सदस्य से बहस करने से बचें। कार्य क्षेत्र में आपकी तरक्की होने की सम्भावना है।

**मिथुन राशिः** आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज आप जिम्मेदारियों को बखूबी निभाने में सफल होंगे, घर के लिए कुछ नये सामान की खरीदारी करेंगे। आज आप जीवनसाथी की तरक्की से खुश होंगे। कारोबारियों के लिए धन लाभ के योग बन रहे हैं। आज आप नया व्यापार शुरू करने का मन बनायेंगे। अगर आप कला के क्षेत्र से जुड़े हैं, तो आज आपको परफोर्मेंस करने कामौका मिलेगा।

**कर्क राशिः** आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज परिवार वालों का सहयोग प्राप्त होगा। आपके कुछ मित्र मददगार साबित होंगे। ऑफिस में आपके काम की तारीफ़ होगी।आपकी कार्यक्षमता में बढ़ोतरी होगी। दाम्पत्य रिश्तों में मधुरता बनी रहेगी। कॉमर्स फील्ड के स्टूडेंट्स के लिए दिन फायदेमंद रहने वाला है, उनको नया कामर्सियल प्रोजेक्ट करने कों मिलेगा।

**सिंह राशिः** आज आपके दिन की शुरुआत अच्छी रहेगी। आप जीवनसाथी के सहयोग से घरेलू कार्य पूरा करने में सफल होंगे। आपको बिजनेस में माता-पिता का सहयोग प्राप्त होगा। आपकी किसी पुराने मित्र से मुलाकात होने की उम्मीद है,जिसकी आपको हेल्प करने का अवसर मिलेगा। ऑफिस में आपको किसी नए प्रोजेक्ट की जिम्मेदारी मिलेगी। जीवनसाथी आपकी भावनाओं की कद्र करेंगे साथ ही आपकी मनपसंद जगह घुमाने ले जाएंगे।

**कन्या राशिः** आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आज आपको नयी जानकारी मिलेगी और यह जानकारी भविष्य के लिये फायदेमंद साबित होगी। आज आलस्य व सुस्ती छोड़कर काम में मन लगाने की जरूरत है। बिजनेस बढ़ाने की योजनाओं पर अमल करने के लिए आज का दिन अच्छा है। नई तकनीक के इस्तेमाल पर विचार-विमर्श होगा।

**तुला राशिः** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आपको आर्थिक लाभ के अच्छे अवसर मिलेंगे। आज आपका किसी यात्रा पर जाने का योग बन रहा है ,जिससे आपको लाभ भी होगा। परिवार में सभी सदस्यों के साथ आपसी सामंजस्य बना रहेगा। अध्यात्म की तरफ आपका रुझान अधिक रहेगा।

**वृश्चिक राशिः** आज का दिन आपके लिये समान्य रहने वाला है। आज रुके काम में किसी की मदद मिलने से काम पूरा हो जायेगा लेकिन आपको यह देखकर अच्छा नहीं लगेगा कि आपके काम में किसी अन्य व्यक्ति का हस्तक्षेप हो। इसलिए अपना काम करते समय मन एकाग्र रखेंगे तो काम आसानी से व बिना किसी बाधा के पूरा हो जायेगा।

**धनु राशिः** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आपके बच्चे बिजनेस में आपका पूरा स्पोर्ट करेंगे। पूंजी के उचित निवेश के लिए आपको थोड़ी बहुत टेंशन हो सकती है। सिनेमा जगत के कलाकारों के लिए दिन विशेष रूप से अच्छा है। आज खुद की गलती की जिम्मेदारी न लेने से आप अच्छा महसूस नहीं करेंगे।

**मकर राशिः** आज का दिन आपके लिए सामान्य से बेहतर रहने वाला है। आज आपके कार्य स्थल पर काम ज्यादा रहेगा। आपका किसी के प्रति अधिक आत्मविश्वास से नुकसान हो सकता है। इससे आपके पारिवारिक संबंध खराब हो सकते हैं। आप सामाजिक स्तर पर कुछ नए बदलाव करने की सोचेंगे आपको अन्य लोगों का साथ भी मिलेगा इससे आपका काम आसान हो जायेगा।

**कुम्भ राशिः** आज का दिन आपके लिए उमंग से भरा रहने वाला है। आज कारोबार सम्बन्धी योजनाओं को अपरिचित लोगों के सामने जाहिर न करें, कोई इसकी नकल कर सकता है इससे आपको नुकसान भी उठाना पड़ सकता है। पुरानी प्रॉपर्टी के सेल परचेज संबंधी बिजनेस में अच्छी डील होगी।

**मीन राशिः** आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज आपके तय किए काम समय से पूरे होते हुए नजर आ रहे हैं साथ ही कुछ काम वक्त से पहले पूरे करने की वजह से खुद के लिए प्रसन्नता मिलेगी। मानसिक रूप से जिन लोगों के साथ परेशानी है, उसे दूर करने का उपाय मिलेगा और मैडिटेशन को रूटीन में अपनाएंगे।

# अदम्य बल, अटूट भक्तिः श्री हनुमान जन्मोत्सव का दिव्य संदेश

**सुनील कुमार महला**

2 अप्रैल 2026 (गुरुवार) को चैत्र मास की पूर्णिमा के पावन अवसर पर श्री हनुमान जन्मोत्सव पूरे विश्व में अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। भगवान श्री राम के अनन्य भक्त हनुमान जी को शक्ति, भक्ति, साहस, निष्ठा, विनम्रता और समर्पण का सर्वोच्च प्रतीक माना जाता है। इस पावन व पवित्र दिन मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन, हनुमान चालीसा तथा सुंदरकांड का पाठ किया जाता है। हनुमान भक्त व्रत रखते हैं और बालाजी महाराज को चूरमा, लड्डू, पेड़ा, नारियल, लाल ध्वज व सिंदूर अर्पित करते हैं। मान्यता है कि इस दिन उनकी उपासना से भय, संकट, रोग, भूत-प्रेत बाधा और सभी प्रकार की नकारात्मक शक्तियों से मुक्ति मिलती है। हनुमान जी अंजनी पुत्र, केसरीनंदन और पवनपुत्र कहलाते हैं, कलियुग के देवता तथा चिरंजीवी माने जाते हैं। उनका जन्म त्रेतायुग के अंतिम चरण में चैत्र पूर्णिमा को आंजन नामक पर्वतीय क्षेत्र में हुआ माना जाता है। जन्म के बाद वायुदेव ने उनका नाम मारुति रखा था, किंतु भगवान इंद्र के वज्र प्रहार से ठुड्डी (हनु) पर आघात होने के कारण वे हनुमान कहलाए। उन्हें रुद्र (भगवान् शिव) का ग्यारहवाँ अवतार माना जाता है और देवताओं के वरदान से वे अजेय, निरोग और अमर माने गए हैं। हनुमान जी असीम बल, तीक्ष्ण बुद्धि और परम भक्ति के अद्वितीय संगम हैं। श्रीरामचरितमानस सुंदरकांड में कहा गया है-अतुलितबलधामं हेमशैलाभदेहं, दनुजवनकृशानुं ज्ञानिनामग्रगण्यम्।सकलगुणनिधानं वानराणामधीशं रघुपतिप्रियभक्तं वातजातं नमामि।। वे अणिमा, लघिमा, महिमा, गरिमा, प्राप्ति, प्राकाम्य, ईशित्व और वशित्व सहित अष्ट सिद्धियों के स्वामी तथा पद्म, महापद्म, शंख, मकर, कच्छप, मुकुंद, कुंद, नील और खर्व नामक नव निधियों के दाता कहे जाते हैं और इसीलिए उन्हें कहा गया है -अष्ट सिद्धि नव निधि के दाता...। उनके बल का अलंकारिक वर्णन यह है कि 10 हजार हाथियों का बल एक ऐरावत हाथी में, 10 हजार ऐरावतों का बल एक इन्द्र में और 10 हजार इन्द्रों(भगवान् इंद्र) का बल उनके(हनुमान जी) एक रोम में निहित है। वे इच्छानुसार सूक्ष्म से विशाल रूप धारण कर सकते हैं; लंका में प्रवेश करते समय उन्होंने मसक(मच्छर) समान रूप लिया, सुरसा के सम्मुख महाविशाल हो गए और परिस्थिति के अनुसार अपने आकार का परिवर्तन किया। बाल्यकाल में उन्होंने सूर्य को फल समझकर निगलने का प्रयास किया; उसी समय राहु भी सूर्य को ग्रसने आया था, जिससे सूर्यदेव ने उन्हें दूसरा राहु समझ लिया-यह प्रसंग उनकी अपार शक्ति के साथ-साथ जिज्ञासा और साहस का भी प्रतीक है और बालकों के उत्साह को सही दिशा देने का संदेश भी देता है।

रामायण में हनुमान जी का योगदान अद्वितीय और निर्णायक है। उन्होंने समुद्र लांघकर लंका पहुँचकर सीता माता का पता लगाया, अशोक वाटिका में उन्हें श्रीराम की विजय का आश्वासन दिया, विभीषण से भेंट कर उन्हें भगवान् राम पक्ष में लाया, लंका दहन कर लंकापति रावण को चुनौती दी और युद्ध में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। लक्ष्मण के प्राण बचाने के लिए वे द्रोणागिरि पर्वत सहित संजीवनी बूटी उठाकर ले आए थे। इतना ही नहीं, वानर सेना के साथ मिलकर उन्होंने लगभग 52 किमी लंबा और 3 किमी चौड़ा रामसेतु निर्माण कराने में सहयोग दिया। लंका में प्रवेश करते समय उनका सूक्ष्म रूप, विभीषण से ब्राह्मण वेश में मिलना और सीता माता से छोटे वानर रूप में संवाद उनकी नीति, विवेक और परिस्थिति-बोध को दर्शाता है। सुरसा ने उनकी बुद्धि और बल से प्रसन्न होकर रामकाज सफल होगा का आशीर्वाद दिया। पाठकों को बताता चलूं कि हनुमान जी केवल बलवान ही नहीं, अत्यंत बुद्धिमान, नीतिज्ञ और कुशल कूटनीतिज्ञ भी थे। ब्राह्मण वेश में श्रीराम से मिलकर पहले उनकी पहचान करना और फिर उचित समय पर सुग्रीव की बात रखना उनकी राजनीतिक समझ का परिचायक है। उन्होंने राम-सुग्रीव की मित्रता अग्नि को साक्षी मानकर कराई, जो निष्कपट विश्वास का प्रतीक है। जामवंत(भगवान ब्रह्मा के मानस पुत्र) द्वारा उनकी शक्ति का स्मरण कराए जाने पर उन्होंने अहंकार नहीं किया, बल्कि भगवान् श्रीराम की कृपा को आधार मानकर समुद्र पार किया-यह उनकी विनम्रता और समर्पण को दर्शाता है। उनकी सबसे बड़ी शक्ति उनकी अटूट भक्ति है; वे सर्वशक्तिमान होकर भी स्वयं को राम का सेवक मानते हैं और शक्ति-ज्ञान का अहंकार नहीं करते। वे सिखाते हैं कि शक्ति और ज्ञान का प्रदर्शन नहीं, बल्कि उसे पहचानकर लोककल्याण में लगाना ही सच्ची महानता है। उनका जीवन भक्ति (शील-संयम), ज्ञान (विवेक) और कर्म (क्रियाशीलता) का उत्कृष्ट समन्वय है। माता सीता ने उनकी भक्ति से प्रसन्न होकर उन्हें अजर-अमर और गुणों का भंडार होने का वरदान दिया-अजर अमर गुननिधि सुत होहू...। एक प्रसंग में उन्होंने अपना वक्षस्थल चीरकर दिखाया कि उसमें श्रीराम और जानकी जी विराजमान हैं, जिससे उनकी अनन्य भक्ति सिद्ध होती है। महाभारत काल में उन्होंने भीम का अहंकार तोड़ने के लिए वृद्ध वानर का रूप धारण किया, जहाँ भीम उनकी पूँछ तक नहीं हिला सके थे। वे पंचमुखी रूप (वराह, नरसिंह, गरुड़, हयग्रीव और हनुमान) में भी पूजित हैं। उनके गुरु सूर्यदेव हैं, जिनसे उन्होंने अल्प समय (कथानुसार 7 दिनों) में समस्त ज्ञान और नौ दिव्य विद्याएँ प्राप्त कीं। उनकी गदा वामहस्त कही जाती है, जिसे कुबेर द्वारा प्रदत्त और अद्वितीय शक्ति से युक्त माना गया है। उन्हें सिंदूर व भोग में चूरमा अत्यंत प्रिय है। विवरण मिलता है कि माता सीता के स्वामी की आयु वृद्धि वाले कथन से प्रेरित होकर उन्होंने अपने पूरे शरीर पर सिंदूर पोत लिया था। उनके बारह नाम-हनुमान, अंजनीसुनू, वायुपुत्र, महाबल, रामेष्ट, फाल्गुन सखा, पिंगाक्ष, अमित विक्रम, उदधिक्रमण, सीता शोक विनाशन, लक्ष्मण प्राणदाता और दशग्रीव-दर्पहा का जप करने से समस्त प्रकार की सुख-समृद्धि, आरोग्य और सभी मनोकामनाओं की पूर्ति होती है।इस आलेख में ऊपर बता चुका हूं कि हनुमान जी को कलियुग का देवता कहा जाता है। उन्होंने श्रीराम से वर माँगा-यावद् रामकथा... अर्थात जब तक पृथ्वी पर रामकथा का प्रचार रहेगा, तब तक वे जीवित रहेंगे; इसी कारण यह मान्यता है कि जहाँ भी रामकथा होती है, वे साक्षात उपस्थित होते हैं। उनके समक्ष कोई मायावी शक्ति टिक नहीं सकती। वे राम रसायन के धारक हैं और संकट मोचन कहलाते हैं। राजस्थान के श्रीसालासर बालाजी धाम (चूरू) और श्री मेहंदीपुर बालाजी (दौसा) जैसे प्रसिद्ध स्थलों पर लाखों श्रद्धालु हर साल दर्शन करते हैं, सवामणी चढ़ाते हैं और अपनी मनोकामनाएँ पूर्ण होने की कामना करते हैं। उनके बारे में श्रीमद्गोस्वामी तुलसीदास जी विरचित श्रीरामचरितमानस सुंदरकांड में क्या खूब कहा गया है- कवन सो काज कठिन जग माहीं।जो नहिं होइ तात तुम्ह पाहीं। इसका मतलब यह है कि-हे हनुमान जी! इस संसार में ऐसा कौन-सा कार्य है जो कठिन हो और आपके द्वारा पूरा न किया जा सके? अंततः, यही कहूंगा कि हनुमान जी का जीवन त्याग, सेवा, धैर्य, उत्साह, परोपकार, संयम और अहंकार-रहित समर्पण का अनुपम आदर्श प्रस्तुत करता है। हनुमान जी के बारे में सुंदरकांड में कहा गया है-और देवता चित्त न धरई।हनुमत सेइ सर्ब सुख करई। इसका मतलब यह है कि-जो व्यक्ति अपने मन को इधर-उधर भटकाने के बजाय अन्य देवताओं में नहीं उलझाता और केवल हनुमान जी की सेवा (भक्ति) करता है, उसे सभी प्रकार के सुखों की प्राप्ति होती है।

प्रकाशक एवं स्वामी सागर सूरज, द्वारा सरोतर निवास, राजाबाजार-कचहरी रोड, मोतिहारी, बिहार-845401 से प्रकाशित व प्रकाश प्रेस मोतिहारी से मुद्रित, संपादक-सागर सूरज* फोन न.9470050309 प्रसारः-9931408109 ईमेलः-bordernewsmirror@gmail.com वेबसाइटः-bordernewsmirror.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) RNI. N. BIHBIL/2022/88070

# कालीदास 2 को मिला यू/ए सर्टिफिकेट, 3 अप्रैल को सिनेमाघरों में दस्तक देगी थ्रिलर फिल्म



फिल्म इंडस्ट्री में जब भी किसी हिट फिल्म का सीक्वल आता है, तो दर्शकों की उत्सुकता अपने आप बढ़ जाती है। ऐसी ही एक फिल्म है कालीदास 2, जो अपने पहले पार्ट की सफलता के बाद अब दर्शकों के बीच वापसी करने जा रही है। रिलीज से पहले ही इस फिल्म को लेकर काफी चर्चा हो रही है और अब इसे लेकर एक बड़ी अपडेट सामने आई है। दरअसल, सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन (सीबीएफसी) ने इस फिल्म को यू/ए सर्टिफिकेट दे दिया है। इसका मतलब है कि फिल्म अब सिनेमाघरों में रिलीज के लिए पूरी तरह तैयार है और इसे परिवार के साथ देखा जा सकता है, हालांकि बच्चों के लिए अभिभावकों की सलाह जरूरी होगी। मेकर्स ने सोशल मीडिया पर पोस्टर शेयर करते हुए इस बात की जानकारी दी और साथ ही फिल्म की रिलीज डेट का भी ऐलान किया। यह फिल्म 3 अप्रैल को बड़े पर्दे पर रिलीज होने वाली है।



फिल्म के मेकर्स ने हाल ही में एक और खास अपडेट शेयर किया था, जिसमें अभिनेता किशोर का फर्स्ट लुक सामने आया था। इस फिल्म में वह पांड्या नाम के किरदार में नजर आएंगे। पोस्टर में उनका लुक काफी खतरनाक और रहस्यमयी दिखाया गया है। मेकर्स ने उनके किरदार को रॉ, रफ और अनप्रिडिक्टेबल करार जिया।

यह फिल्म सालों पहले आई सुपरहिट फिल्म कालीदास का दूसरा पार्ट है। इसे के.सेंथिल और डॉ. एन योगेश्वरन ने प्रोड्यूस किया है। खास बात यह है कि इस फिल्म को भी सेंथिल ने ही लिखा और डायरेक्ट किया है, जिन्होंने पहले पार्ट को भी बनाया था। ऐसे में दर्शकों को उम्मीद है कि यह फिल्म भी उतनी ही दमदार होगी।


फिल्म में भरत और अजय कार्थी लीड रोल में नजर आएंगे। इसके अलावा, भवानी श्री, संगीता और टीएम कार्तिक समेत कई कलाकार भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। संगीता लंबे समय बाद बड़े पर्दे पर वापसी कर रही हैं, जो दर्शकों के लिए एक अलग ही रोमांच लाएगा।

फिल्म के टीजर की बात करें तो, यह डरावने और भावनात्मक सीन से भरपूर है। टीजर में देखा जा सकता है कि भरत एक पुलिस अधिकारी के किरदार में हैं; उनको एक महिला का फोन आता है, जो काफी डरी हुई है और उनसे मदद की गुहार लगा रही है।

टीजर में एक वॉयसओवर भी सुनाई देता है, इसमें कहा गया है कि हर अपराध की सजा होती है, लेकिन कुछ मामलों में सजा किसी बाहरी ताकत से नहीं, बल्कि अलग तरीके से मिलती है।

## फिल्म

### धुरंधर 2 की सुनामी के आगे मामूली बजट की फिल्म आडू 3 ने कर डाली बंपर कमाई, 11 दिनों में 100 फीसदी से ज्यादा है प्रॉफिट



जयसूर्या की फ़िल्म आडू 3 बॉक्स ऑफ़िस पर रिकॉर्ड तोड़ रही है. ये साल 2026 की सबसे ज़्यादा कमाई करने वाली मलयालम फ़िल्म बन चुकी है. दिलचस्प बात ये है कि इस फ़ैंटेसी कॉमेडी को सिफ़र् 10 दिनों में ही हिट का दर्जा मिल गया था और ये अब प्रकंबनम के साथ मुनाफ़ा कमाने वाली फ़िल्मों की लिस्ट में शामिल हो गई है. इसी के साथ चलिए यहां जान लेते हैं कि इस फिल्म ने रिलीज के 11 दिनों में देश और दुनियाभर में कितना कलेक्शन कर डाला है?

आडू 3 – वन लास्ट राइड (पार्ट 1) में जयसूर्या मुख्य भूमिका में हैं. ये फिल्म पहले दिन से ही बॉक्स ऑफिस पर अपनी पकड़ बनाए हुए है. यहां तक कि रणवीर सिंह स्टारर धुरंधर 2 के तूफान के आगे भी ये देश और दुनियाभर में खूब नोट पीट रही है. बता दें कि अपने शुरुआती हफ्ते में इस फिल्म ने भारत में 37 करोड़ रुपये कमाए थे. इसके बाद, फ़िल्म ने अपने दूसरे शुक्रवार को 1.60 करोड़ रुपये और शनिवार को 2.30 करोड़ रुपये कमाए. वहीं सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक इस फिल्म ने दूसरे संडे यानी 11वें दिन 2.65 करोड़ का कलेक्शन किया है. जिसके बाद इसकी भारत में कुल नेट कमाई अब 43.01 करोड़ हो गई है. इसके साथ ही, भारत में फिल्म का कुल ग्रॉस कलेक्शन 49.75 करोड़ रुपये हुआ है. विदेशों में, फिल्म ने 11वें दिन 1.00 करोड़ का कलेक्शन किया, जिससे इसका कुल विदेशी ग्रॉस कलेक्शन अब तक 60.15 करोड़ तक पहुँच गया है और वर्ल्डवाइड इसने 109.90 करोड़ का कलेक्शन कर डाला है. आडू फ्रेंचाइज़ी की तीसरी फ़िल्म कथित तौर पर 20 करोड़ के बजट पर बनी है. रिलीज के 11 दिनों में, इसने अपनी लागत से दोगुना से भी ज़्यादा कमाई की है, जिससे इसे भारतीय बॉक्स ऑफिस पर हिट का दर्जा मिल गया है. वहीं फिल्म के मुनाफे की बात करें तो आडू 3 ने अब तक 115.05त्न का मुनाफ़ा कमाया है. यह 2026 की दूसरी सबसे ज़्यादा मुनाफ़ा कमाने वाली मॉलीवुड फ़िल्म है. इससे आगे सिफ़र् गणपति एस पोदुवल और सागर सूर्या की फिल्म प्रकंबनम है जिसने 284त्न का मुनाफ़ा कमाया है.



### 'आचारी बा' महिला सशक्तीकरण की प्रेरणादायक कहानी : हेमा मालिनी

हाल ही में एक कार्यक्रम के दौरान भाजपा सांसद एवं अभिनेत्री हेमा मालिनी ने नीना गुप्ता स्टारर फिल्म आचारी बा की खुलकर तारीफ की है और लोगों से इसे देखने की अपील भी की है। सोशल मीडिया के जरिए अपनी प्रतिक्रिया साझा करते हुए अभिनेत्री ने फिल्म को महिला सशक्तीकरण और दृढ़ संकल्प की एक शानदार मिसाल बताया। उन्होंने इंस्टाग्राम पर फिल्म का पोस्टर शेयर करते हुए लिखा कि यह एक दिल छू लेने वाली कहानी है, जिसमें एक महिला के संघर्ष और आत्मनिर्भरता को बेहद सरल और प्रभावशाली तरीके से दिखाया गया है। उन्होंने फिल्म की पूरी टीम को शुभकामनाएं देते हुए खासतौर पर नीना गुप्ता के अभिनय की तारीफ की। हेमा मालिनी ने अपने पोस्ट में यह भी कहा कि फिल्म में नीना गुप्ता का प्रदर्शन बेहद शानदार है और उनके साथ नजर आने वाला गोल्डन रिट्रीवर भी कहानी में खास आकर्षण जोड़ता है। उन्होंने दर्शकों से अपील की कि इस तरह की प्रेरणादायक फिल्मों को जरूर देखना चाहिए। फिल्म की कहानी एक साधारण मध्यवर्गीय महिला आचारी बा के इर्द-गिर्द घूमती है, जो गांव में आचार बनाकर अपना गुजारा करती है। उनका बेटा मुंबई में रहता है, लेकिन उनसे दूरी बनाए रखता है। एक दिन वह अपनी मां को शहर ले आता है, जहां आचारी बा को पता चलता है कि उन्हें घर में कुत्ते की देखभाल के लिए बुलाया गया है। इसी दौरान सोशल मीडिया के जरिए आचारी बा की जिंदगी बदलती है और वह धीरे-धीरे लोकप्रिय हो जाती हैं। अंततः वह एक कुकिंग प्रतियोगिता जीतकर अपनी पहचान बना लेती हैं।

फिल्म में भावनात्मक उतार-चढ़ाव के साथ आत्मसम्मान, संघर्ष और रिश्तों की जटिलताओं को बारीकी से दिखाया गया है। फिल्म में नीना गुप्ता के बेटे की भूमिका वत्सल सेठ ने निभाई है, और उनकी परफॉर्मेंस भी कहानी को मजबूती देती है। 'आचारी बा' आज भी दर्शकों के लिए एक प्रेरणादायक और दिल को छू लेने वाला सिनेमाई अनुभव बनी हुई है। बता दें कि बता दें कि 'आचारी बा' 14 मार्च 2025 को होली के मौके पर ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो प्लस हॉटस्टार पर रिलीज हुई थी। रिलीज के समय भी फिल्म को इसकी कहानी और भावनात्मक प्रस्तुति के लिए काफी सराहना मिली थी।

## लोगों को ज्यादा सफाई देने की आदत से पाना चाहते हैं छुटकारा? जानिए इसके 5 तरीके



लोगों को ज्यादा सफाई देना एक आम समस्या है, जो हमारे आत्मविश्वास और मानसिक स्वास्थ्य पर बुरा असर डाल सकती है। यह आदत न केवल हमारे व्यक्तिगत जीवन को प्रभावित करती है, बल्कि कामकाजी जीवन में भी दिक्कतें पैदा कर सकती है। इसकी वजह से हर काम प्रभावित होता है और तनाव बना रहता है। इस लेख में हम जानेंगे कि कैसे आप इस आदत को सुधार सकते हैं और अधिक आत्मविश्वास के साथ जीवन जी सकते हैं।

**अपनी बात साफ तरीके से रखें**:लोगों को ज्यादा सफाई देने से बचने के लिए सबसे जरूरी है कि आप अपनी बात को साफ और छोटे तरीके से रखें। जब आप किसी से बात कर रहे हों तो कोशिश करें कि आपका संदेश सीधा हो और उसमें फालतू की जानकारी न दें। इससे सामने वाले को आपकी बात समझने में आसानी होगी और आपको बार-बार अपनी बात दोहराने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इससे आप अपने मन में उस बात को बार-बार दोहराना बंद कर देंगे।

**खुद को जांचें**: खुद को ज्यादा समझाने की आदत को सुधारने के लिए खुद का आकलन करना जरूरी है। इसके लिए आपको अपने विचारों और भावनाओं पर ध्यान देना होगा। सोचिए कि क्या आप जो बात लोगों को समझा रहे हैं, वह असल में मायने भी रखती है या नहीं। अगर आपको लगता है कि लोगों को आपकी बात पहले ही समझ आ गई है तो ज्यादा जानकारी देने की जरूरत नहीं है। इससे आप खुद को बेहतर तरीके से व्यक्त कर पाएंगे।

**सीमाएं तय करें**: ज्यादा सफाई देने की आदत से बचने के लिए सीमाएं तय करना बहुत जरूरी है। जब आप किसी बातचीत या स्थिति में हों तब यह तय करें कि आपको कितनी जानकारी साझा करनी है और कितनी नहीं। इससे न केवल आपकी बात साफ होगी, बल्कि सामने वाले को भी आपकी बात समझने में आसानी होगी। इसके अलावा यह आदत आपके आत्मविश्वास को भी बढ़ाएगी और आप अधिक प्रभावी ढंग से संवाद कर पाएंगे।

**सुनने की आदत डालें** : ज्यादा सफाई देने की आदत को सुधारने के लिए सुनने की आदत डालना बहुत अहम है। जब आप दूसरों की बात ध्यान से सुनते हैं तो आपको समझ आता है कि उनको आपकी बात पहले ही समझ आ गई है। इससे आपको बार-बार अपनी बात दोहराने की जरूरत नहीं पड़ेगी और आपकी बातचीत अधिक प्रभावी होगी। इसके अलावा इससे आपके रिश्ते भी बेहतर होंगे और आप दूसरों के नजरिए को बेहतर तरीके से समझ पाएंगे।

**सकारात्मक सोच रखें**: ज्यादा सफाई देने की आदत को सुधारने के लिए सकारात्मक सोच रखना बहुत अहम है। जब आप सकारात्मक नजरिए से सोचते हैं तो आपकी आत्मविश्वास बढ़ता है और आप बिना किसी दबाव के अपनी बात रखते हैं। इसके अलावा सकारात्मक सोच रखने से आप दूसरों की प्रतिक्रिया को बेहतर तरीके से समझ पाते हैं और आपकी बातचीत अधिक प्रभावी होती है। यह आदत आपके मानसिक स्वास्थ्य को भी बेहतर बनाती है।



## सौम्या टंडन ने ग्रीन गाउन में बिखेरा जलवा, अभिनेत्री के ग्लैमरस लुक ने लगाई आग

एक्ट्रेस सौम्या टंडन एक बार फिर अपने स्टाइल और ग्लैमरस अंदाज को लेकर चर्चा में आ गई हैं. हाल ही में वो अपनी फिल्म धुरंधर 2 में रहमान डकैत की पत्नी उल्फत के किरदार में नजर आई थी, जिसमें उनकी खूब तारीफ हुई. इसी बीच सोशल मीडिया पर उनकी नई तस्वीरें तेजी से वायरल हो रही हैं, जिनमें उनका एलिगेंट और कॉन्फिडेंट लुक देखने को मिल रहा है. फैंस उनकी इन तस्वीरों को खूब पसंद कर रहे हैं और कमेंट्स में उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे. इन फोटोज में सौम्या ने डार्क ग्रीन रंग का खूबसूरत गाउन पहना है. गाउन का डिजाइन बहुत यूनिक है, जो उनके लुक को अलग और खास बना रहा है. उनकी ड्रेस का वन-शोल्डर पैटर्न और डिजाइन उनके लुक को बोल्ड और मॉडर्न बना रहा है. यह स्टाइल उनके फिगर को भी खूबसूरती से हाइलाइट कर रहा है. सौम्या ने अपने बालों को साइड पार्टिंग के साथ खुला रखा है, जिसमें हल्के वेव्स दिए गए हैं. यह हेयरस्टाइल उनके चेहरे पर बहुत सॉफ्ट और क्लासी लुक दे रहा है. उन्होंने अपने लुक को स्टाइलिश ईयररिंग्स और रिंग्स के साथ इसे बैलेंस किया है. उनकी ज्वेलरी सिंपल होते हुए भी काफी एलिगेंट लग रही है और उनके ग्लैम को बढ़ा रही है. मेकअप की बात करें तो उन्होंने सॉफ्ट आई मेकअप, हल्का ब्लश और ग्लॉसी लिप्स रखा हैं. उनका यह मेकअप उन्हें बहुत फ्रेश और नेचुरल ग्लो दे रहा है. फोटो में उनका पोज बहुत ही कॉन्फिडेंट और ग्रेसफुल है, जिसे आप किसी भी फंक्शन में आसानी से पहन सकते है. सौम्या का यह पूरा लुक क्लास और ग्लैमर का शानदार मेल है. न ज्यादा हैवी और न ज्यादा सिंपल, हर चीज बैलेंस है, जो उन्हें अट्रैक्टिव बना रही है.

## अपारशक्ति के नए गाने 'तेरे पीछे' को मिल रही शानदार प्रतिक्रिया

बॉलीवुड अभिनेता और गायक अपारशक्ति खुराना ने अपना नया रोमांटिक गाना 'तेरे पीछे' रिलीज कर दिया है। फिल्मों में अपनी दमदार सहायक भूमिकाओं के लिए पहचान बना चुके अपारशक्ति अब संगीत की दुनिया में भी लगातार सक्रिय हैं। इस गाने में उनके साथ महिमा मकवाना नजर आ रही हैं, और दोनों की ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री को दर्शकों से शानदार प्रतिक्रिया मिल रही है। एक्टिंग के साथ-साथ अपारशक्ति गायकी और गीत लेखन में भी अपनी अलग पहचान बनाने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। 'तेरे पीछे' उनका नया म्यूजिकल प्रोजेक्ट है, जो उनके ईपी बीटवीन अस का हिस्सा है। यह गाना स्पॉटिफाई, यूट्यूब सहित विभिन्न डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर उपलब्ध है। मेकर्स के अनुसार, 'तेरे पीछे' एक सुकून भरा और भावनात्मक रूप से जुड़ने वाला रोमांटिक ट्रैक है, जिसमें प्यार की कोमलता और गहराई को खूबसूरती से पेश किया गया है। अपारशक्ति की मधुर आवाज और महिमा मकवाना की सहज अदाकारी इस गाने को और भी खास बनाती है। गाने को लेकर अपारशक्ति खुराना ने कहा कि यह उनके सबसे करीब दिल के प्रोजेक्ट्स में से एक है। उन्होंने बताया, "'तेरे पीछे' में प्यार की तड़प और सुकून दोनों का एहसास है। इसे मैंने साक्षी रट्टी और मीर देसाई के साथ मिलकर बनाया है। यह कविता और आधुनिक संगीत का खूबसूरत मेल है। मैं चाहता हूं कि लोग इसे अपने खास इंसान के साथ सुनें और इसके भावों को महसूस करें।" गाने के बोल साक्षी रट्टी और अपारशक्ति खुराना ने लिखे हैं, जबकि संगीत साक्षी रट्टी और मीर देसाई ने तैयार किया है। म्यूजिक वीडियो में अपारशक्ति और महिमा की जोड़ी दर्शकों को आकर्षित कर रही है, और उनकी स्क्रीन प्रेजेंस गाने की खूबसूरती को और बढ़ाती है। यह गाना ईपी 'बीटवीन अस' का पहला ट्रैक है।



## बॉडीकॉन ड्रेस के साथ इन 5 एक्सेसरीज को करें स्टाइल, सभी करेंगे आपके लुक की तारीफ

बॉडीकॉन ड्रेस एक ऐसी पोशाक है, जो शरीर को कसकर गले लगाती है और इसे पहनकर महिलाएं बेहद आकर्षक दिखती हैं। हालांकि, इस तरह की ड्रेस के साथ सही एक्सेसरीज पहनना बहुत जरूरी है, ताकि लुक और भी खास बन सके। सही एक्सेसरीज न केवल आपके लुक को पूरा करती हैं, बल्कि आपको आत्मविश्वास भी देती हैं। आज के फैशन टिप्स में जानिए इस तरह की ड्रेस पर कैसी एक्सेसरीज अच्छी लगती हैं।

**हील वाली सैंडल का चयन करें**: बॉडीकॉन ड्रेस के साथ ऊंची एड़ी यानि हील वाली सैंडल पहनना ही सबसे अच्छा विकल्प होता है। यह आपके पैरों को लंबा दिखा सकती हैं और आपको आत्मविश्वास से भरा महसूस करवा सकती हैं। काली, न्यूड या किसी हल्के रंग की हील सैंडल चुनें, जो आपकी ड्रेस के साथ मेल खाए। अगर आप लंबे समय तक हील वाली सैंडल पहनने में असहज महसूस करती हैं तो चौड़ी एड़ी वाली सैंडल या छोटी हील वाले विकल्प को चुन लें।

**छोटे इयररिंग पहनें**: बॉडीकॉन ड्रेस के साथ छोटे इयररिंग बहुत अच्छे लगते हैं। ये आपके चेहरे को फ्रेम करते हैं और आपके लुक को कोमल और आकर्षक बनाते हैं। मोती वाले या गोल्डन रंग के छोटे कान के इयररिंग चुनें, जो आपकी ड्रेस के साथ अच्छे से मेल खाते हों। अगर आपकी ड्रेस में ज्यादा कढ़ाई या डिजाइन है तो गोल्डन हूप्स ही पहनें, ताकि आपका लुक ज्यादा बनावटी न लगे और संतुलित दिखे।

**छोटे बैग का उपयोग करें** : छोटा बैग बॉडीकॉन ड्रेस के साथ एक ज्यादा अच्छा लगता है, क्योंकि यह ड्रेस पर आकर्षण बना रहने देता है। यह न केवल आपकी चीजों को सुरक्षित रखता है, बल्कि आपके लुक को भी खास बनाता है। छोटे बैग में फोन, पर्स, पैसे और मेकअप उत्पाद जैसे छोटे-मोटे सामान आसानी से समा सकते हैं। रंगों की बात करें तो काले, सुनहरे या हल्के रंग के बैग चुनें, जो आपकी ड्रेस के साथ मेल खाएं।

**कमर पर बेल्ट लगाएं**: इन दिनों बॉडीकॉन ड्रेस के साथ स्टाइलिश बेल्ट पहनने का काफी चलन है, जिसे आपको भी अपनाना चाहिए। इससे आपकी कमर का आकार उभरकर आएगा, जिससे आपका लुक और भी खास लगेगा। बेल्ट चुनते समय उसकी चौड़ाई और डिजाइन पर ध्यान दें, ताकि वह आपकी ड्रेस के साथ मेल खाए। आप ड्रेस के ऊपर गोल्डन रंग की चेन वाली बेल्ट लगा सकती हैं, जो इस साल सबसे ज्यादा ट्रेंड में हैं।



**हाथों में चंकी कड़े पहनें**: बॉडीकॉन ड्रेस के साथ हाथों में भी कुछ पहनना बनता है। आप इस लुक को और भी खास बनाने के लिए कलाई को चंकी कड़ों से सजा सकती हैं। ये बड़े आकार वाले कड़े होते हैं, जो हाथों को बहुत खूबसूरत दिखाते हैं। आपको गोल्डन या फिर ड्रेस के रंग से मेल खाते हुए चंकी कड़े पहनने चाहिए। ज्यादा खूबसूरत लुक के लिए अलग-अलग डिजाइन और आकार वाले कड़ों को एक साथ पहनकर देखें।

## ब्रिटिश रॉक बैंड डेफ लेपर्ड का लाइव कॉन्सर्ट अटेंड किया प्रीति जिंटा ने

हाल ही में अभिनेत्री और पंजाब किंग्स की सह-मालिक प्रीति जिंटा ने एक यादगार म्यूजिक नाइट का आनंद लिया। अभिनेत्री प्रीति ने मशहूर ब्रिटिश रॉक बैंड डेफ लेपर्ड का लाइव कॉन्सर्ट अटेंड किया। इस इवेंट की झलक उन्होंने सोशल मीडिया पर साझा की है। इस खास मौके पर उनके साथ अभिनेता डिनो मोरे भी नजर आए। प्रीति ने इंस्टाग्राम पर तस्वीरें और वीडियो पोस्ट करते हुए लिखा कि यह प्लान आखिरी समय पर बना, लेकिन बेहद शानदार साबित हुआ।

उन्होंने मजाकिया अंदाज में अपने कॉन्सर्ट पार्टनर डिनो मोरे को धन्यवाद देते हुए कहा कि ऐसे अचानक बने प्लान कभी-कभी सबसे यादगार बन जाते हैं। प्रीति जिंटा ने बताया कि मुंबई की गर्मी भी उनके उत्साह को कम नहीं कर सकी और उन्होंने पूरे कॉन्सर्ट का भरपूर आनंद लिया। उन्होंने हंसते हुए यह भी स्वीकार किया कि उन्हें बैंड के सिर्फ चार गाने ही पता थे, लेकिन खुशी की बात यह रही कि कॉन्सर्ट में वही गाने बजाए गए, जिन्हें वह जानती थीं। अभिनेत्री ने अपने पोस्ट में भावुक अंदाज भी दिखाया। उन्होंने लिखा कि ऐसे पल—अचानक बने प्लान, सच्चे दोस्त और शानदार संगीत—पुरानी यादों को ताजा कर देते हैं।उन्होंने खास तौर पर बैंड के मशहूर गाने 'पुअर सम सुगर ऑन मी' का जिक्र करते हुए बताया कि जब वह पहली बार मुंबई आई थीं, तब यह गाना वह बार-बार सुना करती थीं। अब इतने सालों बाद उसी गाने को लाइव सुनना उनके लिए एक खास अनुभव रहा। गौरतलब है कि डेफ लेपर्ड इंग्लैंड के शेफील्ड से ताल्लुक रखने वाला एक विश्वप्रसिद्ध रॉक बैंड है, जिसकी स्थापना 1977 में हुई थी। 1980 के दशक में यह बैंड हार्ड रॉक और हेवी मेटल की दुनिया में बेहद लोकप्रिय रहा। 'हिस्टेरिया' और 'पायरोमेनिया' जैसे एल्बमों के जरिए बैंड ने वैश्विक स्तर पर जबरदस्त सफलता हासिल की और रॉक संगीत में अपनी अलग पहचान बनाई।



## Uttarakhand CM inspects Champawat science centre, highlights youth innovation, education

**Champawat, Agency:** Uttarakhand chief minister Pushkar Singh Dhami, during his visit to Champawat district on Tuesday, conducted an on-site inspection of the under-construction state-of-the-art science centre being built at a cost of approximately Rs 55.52 crore, according to an official release.

He closely reviewed the quality, progress, and timeliness of the construction work and issued necessary directions to the concerned officials.

During the inspection, the chief minister examined the proposed scientific galleries and the four-storey science campus facilities. The campus will include a hostel for 40 students, staff quarters, and other essential amenities, making it an important residential scientific learning centre for students. On this occasion, director general of UCOST, Durgesh Pant, informed that the two-storey science gallery block will feature a "Fun Science Gallery," exhibition halls, science and agriculture galleries, a training hall, and a modern astronomy gallery. Additionally, the premises will include a 120-seat auditorium, a modern 71-seat planetarium (with inner and outer dome facilities), and world-class conference and development halls for staff. After the inspection, the chief minister also reviewed science models prepared by students from various schools and interacted with them, encouraging the young innovators.

## Nitish Kumar's key aide is new Information and Broadcasting Secretary

**New Delhi, Agency:** Chanchal Kumar, a 1992-batch IAS officer of the Bihar cadre, who was on March 31 appointed as Secretary in the Ministry of Information and Broadcasting, has been a long-time associate of outgoing Bihar Chief Minister Nitish Kumar. Before his new role, Kumar was heading the Ministry of Development of North Eastern Region (DoNER) as Secretary. He has also served for several years in the Bihar Chief Minister's Secretariat, including as Principal Secretary from June 2016 to January 2022. During his tenure in Bihar, Kumar handled multiple important portfolios, including positions in the General Administration and Public Grievances departments.

In 2022, he was sent on central deputation, where he held several important assignments, including as Managing Director of the National Highways & Infrastructure Development Corporation Limited (NHIDCL) from 2022 to 2023. He was also Officer on Special Duty in the Ministry of Civil Aviation in 2023. In September 2023, Kumar was appointed Secretary in the Ministry of DoNER, where he oversaw infrastructure and connectivity-led development initiatives.

## Met dept warns of widespread heatwave, flags crop stress risks

**New Delhi, Agency:** Most parts of East and East-Central India, including Jharkhand, Chhattisgarh, Odisha and Bihar, are likely to record an above-normal number of heatwave days during April-June. The India Meteorological Department (IMD) on Tuesday said above-normal heatwave days are expected across most parts of the country, including Rajasthan, Gujarat, Haryana, Punjab, Maharashtra, Uttar Pradesh, Bihar, Jharkhand, West Bengal, Odisha, Chhattisgarh, Telangana, Andhra Pradesh, coastal Tamil Nadu and northern parts of Karnataka during the April-June period.

In April, coastal areas of Odisha, West Bengal, Tamil Nadu and Andhra Pradesh are likely to record above-normal heatwave days. Rainfall during the month is expected to be normal to above normal over most parts of the country, except in the North-East, where below-normal rainfall is forecast.

Maximum temperatures are likely to remain normal to below normal over many parts of the country. However, above-normal maximum temperatures are expected over most parts of East and North-East India, as well as eastern parts of central India and adjoining peninsular regions. Night-time temperatures are likely to be above normal over most regions, except parts of Maharashtra and Telangana. In March, rainfall over India was recorded at 33.7 mm, the 10th highest since 2001, the IMD said. Heatwave conditions prevailed over Gujarat, Vidarbha and southern parts of Himachal Pradesh between March 5 and 15 due to the absence of any active western disturbance. The IMD warned that significant heat stress during the reproductive stages of crops such as boro rice, maize, green gram, black gram and vegetables, including tomato, chilli and brinjal, could lead to poor grain setting, flower drop and reduced yields in East and North-East India, North-West India

**NTPC Mining Becomes Dedicated Arm, Exceeds 44 MMT Output**

# New structure, record coal production boost India's energy goals



**New Delhi :** NTPC Mining Limited has officially emerged as a dedicated mining entity following the transfer of all mining assets from NTPC Limited, marking a major step toward strengthening India's energy security.

The transition, effective April 1, 2026, positions the company as a full-fledged mining arm focused on supporting the country's push for self-reliance under the Atmanirbhar Bharat vision.

In a significant achievement, NTPC Mining Limited recorded coal production of 44.16 million metric tonnes (MMT) in FY 2025-26. This represents a 5.1% increase over the previous year and surpasses the target set by the Government of India. The company's cumulative coal production has now crossed 190 MMT since inception.

Further strengthening its operational capacity, mining activities have commenced at the Pakri-Barwadih (North-West) Captive Mine Project. The Commercial Operation Date for the project has been declared effective April 1, 2026, adding to the company's production capabilities.

With consolidated mining assets, the launch of a new operational mine, and record output figures, NTPC Mining Limited has reinforced its position as a key contributor to India's growing energy demands. The development underscores the company's ability to scale operations efficiently while aligning with national energy priorities.

## 86 per cent in India report workplace disruptions, above global levels




**New Delhi, Agency:** India's workforce is facing a sharper disruption than the rest of the world's - but is also adapting faster, with 86% reporting major workplace changes in the past year, far above global levels, and 89% actively building new skills to stay relevant.Exclusively accessed by Media, the 2026 Human Progress Report by ETS (Educational Testing Service), a global non-profit that designs assessments like TOEFL and GRE and tracks workforce readiness trends, flags a defining shift. Job security is no longer about tenure, but adaptability. As AI reshapes work and roles evolve rapidly, Indian workers are leaning heavily into continuous learning and skill validation to stay competitive.

Globally, 67% of workers reported at least one major workplace disruption, but India is among the hardest hit markets. Nearly 98% of workers here report facing at least one barrier to professional success, underscoring the pressure to constantly upskill.

Yet, India also stands out for resilience. The country recorded a Human Progress Index score of 114.4, significantly above the global average of 96.7. The report shows Indian workers are actively future-proofing. Nearly nine in ten say they are developing new skills, while 90% believe verified credentials are essential as skill demands shift. "In the face of a changing job landscape, workers are quickly adapting," said Amit Sevak, CEO of ETS. "Adaptability is becoming the new 'must have' skill."

A key driver of this shift is AI. Indian workers estimate that over 42% of their tasks involve AI tools, higher than the global average, and 78% say they use AI primarily to remain competitive, not by choice.

## X urges government to review order blocking 12 user accountsl'



**New Delhi, Agency:** X Corp has informed the Delhi high court that it has asked the central government to reconsider its March 18 directive to block 12 accounts, stating that the order is "disproportionate". The Centre cited the use of deep fakes and the spread of "false narratives" as the reason for its crackdown on social media content. One of the affected accounts is Dr Nimo Yadav, operated by Prateek Sharma, who moved the HC seeking access to the blocking order.

In response, X submitted before Justice Purushaindra K Kaurav it is taking steps in connection with the order, and has written to ministry of electronics & information technology, arguing that a majority of the content does not violate Section 69A of the IT Act, 2000.

Among other affected accounts are Bhavika Kapoor, Ashok Swain, @Nher_who, @ActivistSandeep, @mrjethwani_, @indian_armada, @Doc_RGM and @DuckKiBaat.

In an affidavit before the high court, X has given the case of Nimo Yadav, disclosing that the central govt has acted against the parody account for "spreading false narratives involving the PM" and "portraying him in bad taste". The social media giant has also flagged what it sees as a violation of the principles of natural justice, pointing out that "no opportunity of hearing has been granted to any of the account holders whose accounts have been

## Petrol, diesel, LPG prices: What has changed for common con-



**New Delhi, Agency:** On the back of a massive surge in global oil and natural gas prices, the Union Government on Wednesday clarified that prices of petrol, diesel and domestic LPG - the principal fuels that India uses - remained unchanged. Only the price of commercial LPG has risen today by Rs 195.50. A 19-kg commercial LPG cylinder now costs Rs 2,078.50 in Delhi, according to state-owned oil companies.

Rates were last increased by Rs 114.5 per 19-kg cylinder on March 1. On the first of every month, state-owned Indian Oil Corporation, Bharat Petroleum and Hindustan Petroleum revise Air Turbine Fuel and LPG prices, depending on global benchmarks and the exchange rate.

For the general public, nothing changes because regular petrol and diesel prices - the fuel that India runs on - are unchanged. Petrol still costs Rs 94.77/litre and diesel Rs 87.67/litre in Delhi. This remains possible because after global petroleum prices rising by up to 100 per cent in the last one month, PSU OMCs are incurring under-recoveries of Rs 24.40/litre on petrol and Rs 104.99/litre on diesel at the RSP level, as on April 1, 2026.

Every petrol pump in India continues to offer regular petrol and diesel at unchanged prices, even as prices in countries all over the world have risen by 30-50 per cent.

## Final deadline for CGHS hospitals

***Comply by April 30 or lose empanelment***



**New Delhi, Agency:** The Centre has given private hospitals one final window to stay on the Central Government Health Scheme (CGHS) panel, extending the deadline for mandatory empanelment formalities to April 30, 2026, while making it clear that no further extension will be granted.

An office memorandum issued by the Director, CGHS, Dr Satheesh Y H, on March 28 allows hospitals to sign their Memorandum of Agreement (MoA) to complete the process by the new deadline. The extension, from the earlier March 31 cut-off, comes after several hospitals flagged technical hurdles on the newly rolled out HEM 2.0 portal - the government's digital platform meant to streamline empanelment by moving applications and approvals online.

While the transition is aimed at improving transparency, it has slowed submissions. At the same time, the government has drawn a hard line: hospitals failing to comply by April 30 will be de-empanelled from May 1, making them ineligible to treat CGHS patients or raise claims, with re-entry requiring a fresh application.

Empanelment is directly tied to payments-only hospitals on the CGHS panel can treat beneficiaries and raise claims, making delays or lapses in the process a direct hit on both patient access and hospital cash flows.

Once empanelled, claims are processed within defined timelines, officials said, noting that settlement typically takes up to 90 days, with delays largely arising from queries or documentation gaps. The official also pointed to revised CGHS rates in October 2025 and existing provisions to penalise hospitals for denial or delay in treatment. However, this official view contrasts with feedback from the ground. Patient groups say delays and access issues persist, reflecting deeper systemic gaps. "CGHS beneficiaries today are caught in a system marked by delays, uneven access, and weak accountability," said TK Damodaran, general secretary of the CGHS Beneficiaries Welfare Association of India, noting that complaints often remain unresolved and dis-

## Leander exits TMC, joins BJP 'to serve youth and countrymen'



**Kolkata, Agency:** Olympic bronze medallist and multiple Grand Slam doubles champion Leander Paes crossed over to the BJP on Tuesday, exiting the Trinamool Congress after a brief stint.

At BJP headquarters in New Delhi, Paes, 52, framed the move as a new "responsibility" after four decades in sport. "I have played for the country... I wish to serve youth and countrymen now," he said, thanking PM Narendra Modi for the opportunity. Party functionaries pitched the tennis legend's entry as a signal to urban voters and younger demographics, pushing back against criticism that the BJP focuses narrowly on Hindu causes.

Junior Union minister Sukanta Majumdar called Paes "a son of Bengal", citing his upbringing in Kolkata and lineage tracing back to 19th-century poet and playwright Michael Madhusudan Dutt. Party functionaries expect his profile - Christian, Goan roots, Kolkata upbringing - to widen outreach among non-Hindu communities and the urban middle class.

Paes had met BJP national president Nitin Nabin in Kolkata last week, fuelling speculation. He was inducted by the minority affairs minister Kiren Rijiju along with senior netas. BJP insiders said his proximity to Rijiju dates back to 2019-21, when the latter handled the sports portfolio. "We have 74.5 crore youth. We need to build a future for them," Paes said.

Rijiju called the entry a "moment of pride", describing Paes as an iconic figure inspired by the government's sports push. Paes had joined Trinamool in 2021 and campaigned in the Goa polls during the party's expansion attempt that later faltered.

Trinamool's reaction ranged from guarded to pointed. One functionary declined to comment. Another said, "The Foreign Contribution (Regulation) Amendment Bill, 2026, will be discussed in Lok Sabha on Wednesday. Our MP, Saugata Roy, will speak against it. Hopefully, Paes will express his views on this since Trinamool and the Christian community oppose the bill strongly. Now that he will campaign, we hope he will open up on the anti-conversion statutes in 13 states."

Voices from sports and Christian circles struck mixed notes. Former India Davis Cup captain Jaidip Mukerjea said sportspersons should focus on sport. "Joining just before assembly elections also isn't proper... timing wrong," he said. Father Gregory Monteiro called the move unexpected but a personal choice, hoping it would benefit the community.